

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-318 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 फरवरी 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## रास चुनावः छग, बंगाल, बिहार व महाराष्ट्र समेत 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान





**नई दिल्ली, 18 फरवरी** राज्यसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र समेत 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान होगा। मतगणना भी 16 मार्च को ही की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने, जांच और नाम वापस लेने की प्रक्रिया तय समय सीमा के अनुसार पूरी की जाएगी।

यह चुनाव उन सदस्यों की जगह भरने के लिए कराया जा रहा है, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2026 में पूरा हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के दो राज्यसभा सीटों पर मतदान होगा। राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और राज्यों में चुनावी हलचल तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ में **कवि तेजपाल सिंह तुलसी** व **फूलो देवी नेताम** का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

### चुनाव कार्यक्रम

- » नोटिफिकेशन जारी होगा 26 फरवरी 2026 को।
- » नामांकन की आखिरी तारीख 5 मार्च 2026 तय की गई है।
- » नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च 2026 को होगी।
- » नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 9 मार्च 2026 है।
- » मतदान 16 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।
- » मतगणना 16 मार्च 2026 को शाम 5 बजे से शुरू होगी।
- » चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

## महाराष्ट्र में मुसलमानों का आरक्षण खत्म

**मुम्बई, 18 फरवरी।** महाराष्ट्र में मुसलमानों का आरक्षण खत्म हो गया है। देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मुसलमानों को बड़ा झटका देते हुए 5% आरक्षण से जुड़ा पुराना फैसला रद्द कर दिया है। सरकार के इस फैसले का ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने विरोध किया है। प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने सरकार पर तंज कसते हुए इसे मुसलमानों के लिए रमजान का तोहफा बताया।

महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले के अनुसार, अब कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में इस 5% आरक्षण के तहत प्रवेश नहीं मिलेगा। सरकार के इस फैसले पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा है।

इम्तियाज जलील ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- महाराष्ट्र सरकार ने मुसलमानों को रमजान का एक तोहफा दिया है। सरकार ने 5% आरक्षण को खत्म करने की घोषणा कर दी है। जलील ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह तब दिया गया जब हाई कोर्ट ने कहा था कि मुसलमानों में पढ़ाई दर छोड़ने की दर सबसे ज्यादा है। इसके बाद भी सरकार ने मुसलमानों को दिए जाने वाले 5% आरक्षण को खत्म कर दिया। इसके बाद भी हम अपने लड़के-लड़कियों से कहेंगे कि पढ़ाई न छोड़ें। पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया!

### PICTURE-स्टोरी



## छत्तीसगढ़ में अफ्रीकन स्वाइन फीवर का कहर

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में जंगली सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि होने से वन विभाग और पशुपालन विभाग में हड़कंप मच गया है। बरेली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरिनरी रिसर्च की जांच रिपोर्ट में इस घातक वायरस की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि बलौदा बाजार, महासमुंद समेत कई इलाकों में बड़ी संख्या में जंगली सूअरों की मौत हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई इन मौतों के बाद सैंपल जांच के लिए बरेली भेजे गए थे। अब आई रिपोर्ट में अफ्रीकन स्वाइन फीवर से मौत की पुष्टि हो गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद वन विभाग तुरंत हरकत में आ गया है। कई जिलों के डीएफओ को सतर्कता बढ़ाने और निगरानी तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अफ्रीकन स्वाइन फीवर घरेलू और जंगली सूअरों में फैलने वाला एक अत्यधिक संक्रामक और जानलेवा वायरल रोग है, जिसमें मृत्यु दर लगभग 100त्न तक हो सकती है। यह बीमारी सूअरों के सीधे संपर्क, दूषित मांस/अपशिष्ट, या टिक्स के माध्यम से फैलती है, लेकिन मनुष्यों के लिए हानिरहित है। इसका कोई टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। यह केवल सूअरों (घरेलू और जंगली) को प्रभावित करता है।

## संक्षेप

### ऋषभ पराशर और तरुण किरण बने आईएएस

**रायपुर, 18 फरवरी।** केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) ने अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ के दो अलाइड सर्विस अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त किया है. यह नियुक्ति वर्ष 2024 की चयन सूची (नॉन-एससीएस) के अंतर्गत की गई है. जारी आदेश के अनुसार, 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच उत्पन्न रिक्तियों के विरुद्ध चयन करते हुए ऋषभ कुमार पराशर और तरुण कुमार किरण को आईएएस में पदोन्नत किया गया है. यह नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 तथा संबंधित विनियमों के तहत की गई है. ऋषभ पराशर राज्य वित्त सेवा और तरुण कुमार किरण जीएसटी विभाग के अधिकारी हैं.

### सिगड़ी जला कर सोया था परिवार पति-पत्नी सहित बच्ची की मौत

**सूरजपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। जिसमें पति-पत्नी सहित 3 साल की बच्ची शामिल है। यह पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के चंद्रपुर गांव की है। जहां रातों-रात एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ, जब सभी गहरी नींद में सो रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि, सभी की मौत जहरीली गैस के कारण हुई है।

**कमरे में धुआं भरने से गई जानः** वहां खिड़की या रोशनदान नहीं था। इसके कारण कमरे में धुआं भर गया और दम घुटने से तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय कवल सिंह, उनकी 25 वर्षीय पत्नी कुंती और उनकी 4 साल की बच्ची के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### जेल में कैदी ने की गला रेतकर खुदकुशी की कोशिश

**बिलासपुर, 18 फरवरी।** बिलासपुर सेंट्रल जेल के किचन में काम कर रहे एक कैदी ने हंसिया से अपना गला रेतकर खुदकुशी की कोशिश की। गंभीर हालत में जेल कर्मचारियों ने उसे तुरंत सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। गला रेतने के बाद कैदी अभी बातचीत नहीं कर पा रहा है, इसलिए घटना के पीछे के कारणों की पूरी जानकारी सामने नहीं आ पाई है कि आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया।

जानकारी के अनुसार पेंड्रा निवासी विकास कश्यप हत्या के मामले में 2 साल से केंद्रीय जेल में सजा काट रहा है। कैदी विकास कश्यप ने पारिवारिक विवाद में अपनी दादी की हत्या कर दी थी। वर्ष 2024 में उसे उक्त मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। उससे जेल के किचन में भोजन बनाने का काम फिलहाल लिया जा रहा है। मंगलवार की सुबह 7 बजे कैदी विकास अपने बैरक से जेल के किचन में भोजन बनाने के लिए पहुंचा। काम करने के दौरान उसने अचानक सब्जी काटने के हंसिया से गला रेत लिया। इस दौरान काम कर रहे अन्य कैदियों ने विकास को तड़पता देखकर उसे संभाला और जेल के अधिकारियों को सूचना दी। कैदी के खुदकुशी करने की कोशिश करने की सूचना पर जेल में हड़कंप मच गया। जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उसके बाद तत्काल जेल के एम्बुलेंस से गंभीर रूप से घायल कैदी को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है।

## साय ने स्वामी कैलाशनंद गिरी से लिया आशीर्वाद



**रायपुर, 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी में निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने निरंजन पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज के साथ विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव,महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान : रिजिजू

**नई दिल्ली, 18 फरवरी।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर करारा निशाना साधा है। किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा (सिक्योरिटी) के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे विदेश और देश में नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं।

रिजिजू ने आगे कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी भी ऐसा ही करती हैं लेकिन उनसे बात की जा सकती है। हम समाजवादी पार्टी, टीएमसी और यहां तक कि डीएमके के नेताओं के साथ भी अच्छे से काम कर सकते हैं। राहुल गांधी के बर्ताव की वजह से छोटी विपक्षी पार्टियों और सांसदों को बोलने का समय नहीं मिल पाता। वे अपने इलाके के मुद्दे नहीं उठा पाते।



» वे नक्सलियों-उग्रवादियों से मिलते हैं

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर, किरेन रिजिजू ने कहा कि स्पीकर का काम कार्यवाही चलाना, सरकारी काम को आगे बढ़ाना और विपक्षी सांसदों को बोलने का मौका देना है। जिस तरह से वे (विपक्षी सांसद) स्पीकर के चैंबर में घुसे और प्रदर्शन किया। हमारे स्पीकर ओम बिरला ने संयम और नरमी दिखाई। अगर सोमनाथ चटर्जी स्पीकर होते, तो शायद वे सभी को सस्पेंड कर देते।

## बुलडोजर से माफिया व ब्रह्मोस से दुश्मन साफ : सीएम योगी

**लखनऊ, 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर को विकास और माफिया पर कार्रवाई का प्रतीक तथा ब्रह्मोस को भारत की रणनीतिक शक्ति बताते हुए दोनों को एक-दूसरे का पूरक बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के तहत उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने इतनी प्रगति की है कि अब वह पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था से भी बेहतर स्थिति में है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर को राज्य की शक्ति का प्रतीक बताया, जो एक्सप्रेसवे नेटवर्क सहित तीव्र अवसंरचना विकास और माफिया तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। एक मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधाभासी नहीं। उन्होंने कहा कि बुलडोजर उन लोगों की इच्छाशक्ति को दर्शाता है जो राज्य में आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना मालवाहक में ले जाए गए दूल्हे




**कवर्धा, 18 फरवरी।** शादी जहाँ दूल्हा आमतौर पर घोड़ी, सजी-धजी कार या लग्ज़री गाड़ियों में शान से बारात लेकर पहुंचता है। लेकिन छत्तीसगढ़ में जो दृश्य सामने आया, उसने सरकार की सोच और संवेदनशीलता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया।

बीते दिनों मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रदेश भर में 6 हजार से अधिक जोड़े एक साथ वैवाहिक बंधन में बंधे। सरकार ने इसे सामूहिक खुशियों का उत्सव बताया, दूल्हा-दुल्हन ने मुख्यमंत्री को बधाइयाँ दीं, तस्वीरें खिंचीं, मंच सजा लेकिन मंच के बाहर हकीकत बेहद शर्मनाक थी। कवर्धा जिले में 10 फरवरी को 272 जोड़ों की शादी कराई गई। यहाँ दूल्हे घोड़ी या बस में नहीं, बल्कि छोटा हाथी, मालवाहक वाहनों में ठूंस-ठूंस कर विवाह स्थल तक लाए गए।

**कपड़े शाही, व्यवस्था अपमानजनकः** काला चश्मा, सिर पर पगड़ी, पीला कुर्ता पहने दूल्हे गाजे-बाजे के साथ झूमते जरूर दिखे, लेकिन जिस वाहन में उन्हें बैठाया गया – वह इंसानों के लिए नहीं, सामान ढोने के लिए होते हैं। वही गरीब दूल्हे मुस्कुरा रहे थे।

## ट्रक की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत




**बिलासपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मस्तूरी में स्टेट बैंक के पास दर्दनाक सड़क हादसे में माँ और उसकी तीन माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि पति को कोई चोट नहीं आया है। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार शिवरात्रि बाई यादव और उनकी तीन माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दंपत्ति चकरभाटा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और किसी काम से मस्तूरी की ओर आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पति को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

### प्रैक्टिकल देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**जांजगीर-चांपा, 18 फरवरी।** जिले के नवागढ़ ब्लॉक से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां प्रैक्टिकल परीक्षा देने जा रहे छात्र की गाय से टक्कर हो गई और गाय का सींग सीधे उसकी आंख में जा घुसा। जानकारी के मुताबिक, केरा गांव निवासी मनीष कुमार देवांगन, उम्र 21 वर्ष, आज सुबह करीब 9 बजे राधाकृष्ण कॉलेज नवागढ़ प्रैक्टिकल परीक्षा देने जा रहा था। इसी दौरान केरा और बर्रा मोड़ मिस्दा के पास अचानक सड़क पर आई गाय से उसकी मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय का सींग सीधे मनीष देवांगन की आंख में जा घुसा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नवागढ़ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया। घायल युवक को फिलहाल बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है और परिजन अस्पताल में मौजूद हैं।

### खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत

**जांजगीर-चांपा, 18 फरवरी।** जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ में दर्दनाक सड़क हादसे में दो नवयुवकों की मौत हो गई है। घटना राछा भाठा नाला के पास हुई, जहां सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई।

जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर खराब होने के कारण नाला के पास सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान नवागढ़ से राछा भाठा की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवक सीधे ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान नवागढ़ निवासी करण कश्यप, उम्र 17 वर्ष, पिता धरम कश्यप और कार्तिक कश्यप के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सियासत तेज** | **सरकार प्रदेश की जनता को नशे में झोंकने का काम कर रही है**

## होली के दिन शराब दुकान खुली रखने पर कांग्रेस ने बोला हमला

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में शराब को लेकर एक बार फिर सियासत तेज है. होली के दिन शराब की दुकानें खुलने के फैसले पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बोला हमला है. इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस पर ही सवाल उठाया है.

कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा होली महत्वपूर्ण त्योहार है. सबसे ज्यादा आपराधिक घटनाएं होली के समय होती है. लेकिन इस बार होली के दिन भी शराब दुकान खुली रहेगी. कैसा माहौल रहेगा समझा जा सकता है, लेकिन भाजपा को शराब से पैसा कमाना है. भाजपा सरकार प्रदेश को नशे में झोंकने का काम कर रही है. वहीं प्रदेश की नई आबकारी नीति में 7 दिन की जगह 3 दिन ड्राई डे रखे जाने का मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बचाव करते हुए कहा कि यह सभी निर्णय समय के अनुसार लिए जाते है. हम सब का एक ही भाव है कि सभी नशे से दूर रहें. गुरु घासीदास बाबा ने कहा है कि खानी, बानी और सयानी. जैसा खाएंगे वैसा रहेगा मन, जैसा पियेंगे पानी, वैसे रहेगी वाणी. नशे के खिलाफ सरकार जनजागरुकता अभियान चला रही है. पदयात्रा में भी उसी संदेश को प्रचारित किया जाएगा कि नशे से सभी दूर रहें. वहीं त्योहारों पर शराब दुकानों के खुले रखने पर कांग्रेस के तंज पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का यह दुर्भाग्य है कि रात-दिन कांग्रेसी नए-नए प्रयोग कर रहे हैं. आंदोलन, प्रदर्शन से जनता को डरा रहे हैं. जनता ने बीजेपी को पंच से पार्लियामेंट तक आशीर्वाद दिया है. साय सरकार जनता के हित में काम कर रही है. 3200 करोड़ का भ्रष्टाचार करने वाले हमको बुद्धि ना दें. हमको श्रीराम ने बुद्धि दिया, भगवान ने बुद्धि दिया है।

### तीन ड्राई डे खत्म

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में शराब के शौकीनों के लिए खुशखबरी है। अब होली के दिन भी वे शराब खरीद सकेंगे। होली पर ड्राई डे खत्म कर दिया गया है। मदिरा प्रेमियों के लिए तो खुशी की बात है, लेकिन इससे पुलिस की चुनौती दो गुना बढ़ गई है।

नई आबकारी नीति लागू होने के बाद होली पर शराब की दुकानें बंद नहीं रहेंगी। पहले होली पर ड्राई डे घोषित किया जाता था, लेकिन अब इसे खत्म कर दिया गया है। नई पॉलिसी के तहत सात तय ड्राई डे में से तीन कम कर दिए गए हैं, जिसमें होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी का निर्वाण दिवस शामिल हैं। होलिका दहन के अगले दिन भी राज्य भर में शराब की दुकानों पर बिक्री जारी रहेगी। इस फैसले से पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना और हुड़दंग करने वालों को कंट्रोल करना एक बड़ी चुनौती है।

## चित्रकोट जलप्रपात परिसर की बैज ने साथियों के साथ की सफाई



**जगदलपुर, 18 फरवरी।** दौरे पर चित्रकोट पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सैलानियों ने बताया कि चित्रकोट जलप्रपात अपनी सुंदरता के लिए विश्व में प्रसिद्ध है, लेकिन आज यहां पसरी गंदगियां उसकी सुंदरता पर दाग लग रही है। यह बातें सुनकर दीपक बैज निराश हुए। उन्होंने सैलानियों को बताया कि यह गंदगी जो आप देख रहे हैं यह प्रशासनिक लापरवाही के कारण है, उन्होंने बताया कि पहले चित्रकोट जलप्रपात परिसर की सफाई और देखरेख का कार्य ग्राम पंचायत किया करती थी, लेकिन अब प्रशासन ने ग्राम पंचायत से वह जिम्मेदारी हटा ली है इसीलिए चित्रकोट परिसर गंदगी के साए में डूबा है। गंदगी देखकर दीपक बैज से भी रहा नहीं गया, उन्होंने सरपंच भंवर मौर्य और कांग्रेस के साथियों के साथ स्थानीय ग्राम वासियों को लेकर चित्रकोट जलप्रपात परिसर में फैली गंदगी और कचरों की व्यापक सफाई की। दीपक बैज ने कहा कि सरकार की उदासीनता और लापरवाही के बावजूद हम अपने गौरवशाली धरोहर की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं होने देंगे, चित्रकोट की सुंदरता, स्वच्छता और सम्मान की रक्षा के लिए हमारा संकल्प अटूट है।

# आयुक्त ने किया विकास कार्यों एवं आवास योजनाओं का औचक निरीक्षण



**भिलाईनगर,18 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-2 क्षेत्र का सघन दौरा कर नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु प्रस्तावित स्थल और पूर्व निर्मित आवास कॉलोनियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जोन आयुक्त येशा लहरे एवं निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने वैशाली नगर अंतर्गत घासीदास नगर में नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में शेष रह गए छोटे-मोटे कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि सेंटर का संचालन जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित रिक्त स्थलों का भी अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। आयुक्त ने भविष्य की कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आई.एच.एस.डी.पी. (द्वा।स्ष्ठक्क) एवं बांबे आवास के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई निवासियों ने घरों के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। आयुक्त ने इस पर नाराजगी जताते हुए जोन आयुक्त को तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कॉलोनियों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को विशेष निर्देश दिए गए ताकि निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, उप अभियंता श्वेता वर्मा व चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ध्वनि प्रदूषण रोकने रात 10 से सुबह 6 बजे तक नहीं बजेगा लाउडस्पीकर

**दुर्ग, 18 फरवरी ।** ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने आदेश जारी करते हुए सम्पूर्ण दुर्ग जिले में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर 30 जून 2026 तक प्रतिबंध लगा दिया है।

यह आदेश माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 14 फरवरी 2000 को अधिसूचित ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत जारी किया गया है। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के अध्ययन में व्यवधान रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।धार्मिक त्यौहार, विवाह, संस्कार, उत्सव एवं चुनाव प्रचार जैसे विशेष अवसरों पर संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति ली जा सकेगी। अनुमति निम्न शर्तों के अधीन होगी-ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमी आवाज में किया जाएगा और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन अनिवार्य होगा। निजी परिसर में ध्वनि स्तर निर्धारित परिवेशीय सीमा से 5 डीबी (ए) से अधिक नहीं होगा। लाऊडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्रों का सार्वजनिक स्थलों पर ध्वनि स्तर क्षेत्रीय मानक से 10 डीबी (ए) या अधिकतम 75 डीबी (।) से अधिक नहीं होगा।



## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दो गांवों में हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कवर्धा,18 फरवरी (तछसं.)।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहरसरी में राज्य के यशस्वी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर 41 लाख 65 हजार की लागत राशि से बनने वाले (गौरव पथ) एवं ग्राम पंचायत लोहझरी में प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 70 लाख 45 हजार रुपए की लागत राशि से बनने वाले सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ । मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे , जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम साहू , विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बरसाती लाल वर्मा , भाजपा बोड़ला मण्डल महामंत्री अमित वर्मा, श्रवण गिरी गोस्वामी , बीजेपी कार्यकर्ता , दोनों ग्राम पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच, समस्त पंचगण एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में भूमिजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## एक नजर



### गांजा बेचने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**भिलाई, 18 फरवरी।** दुर्ग पुलिस चेकिंग के दौरान गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, बाहरी संदिग्ध को जांच के लिए कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। थाना मोहन नगर क्षेत्र उरला, भिलाई नगर अनुविभाग के थाना सुपेला क्षेत्र नेहरू भवन, संजय नगर, कुम्हारपारा, भीमनगर, शिवपारा, लक्ष्मी नगर, फरीद नगर, छावनी अनुविभाग के थाना छावनी क्षेत्र कैची मोहल्ला, कसाई मोहल्ला, चन्द्रशेखर आजाद मोहल्ला, सुभाष नगर, सुन्दर नगर, प्रगति नगर में एक साथ चला। थाना छावनी क्षेत्र के प्रगति नगर में सूचना प्राप्त होने पर प्रगति नगर कैम्प - 1 निवासी एस. नीला द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचने के आरोप में उसे पकड़ा गया। उसके पास से 2.10 किलोग्राम गांजा व नगदी 5 हजार रुपए जब्त किया है। इसके अलावा सुपेला क्षेत्र में वारंट के तहत आकाश साहू, बबलू शाह, कमलजीत सिंह को गिरफ्तार कर वारंट तामील कराया गया।

### मतांतरण के दबाव डालने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के ईसाई धर्म अपनाने के लिए जबरन दबाव बनाकर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले आरोपी को नेवई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस मामले में गाली-गलौज, तोड़फोड़ एवं जान से मारने की धमकी देने की पुष्टि हुई है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि प्रार्थिया सरोज वर्मा (52 साल ) निवासी आशीष नगर पश्चिम, रिसाली थाना नेवई ने 16 फरवरी को शिकायत दर्ज कराया कि उसका पुत्र होशांग वर्मा उस पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए निरंतर दबाव बना रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज, घर में तोड़फोड़ तथा जान से मारने की धमकी देता है साथ ही घर में रखी धार्मिक मूर्तियों को हटाकर फेंक दिया गया एवं पूजा-पाठ में बाधा उत्पन्न की गई शिकायत के बाद मामले में धारा 298, 299 तथा छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 3, 4 के अंतर्गत अपराध पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी होशांग वर्मा निवासी आशीष नगर पश्चिम, रिसाली को गिरफ्तार किया है ।

### स्टील मेल्टिंग शॉप में राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यशाला का सफल आयोजन

**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में कर्मचारियों के मध्य मिशन कर्मयोगी के प्रभावी प्रचार.प्रसार हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ष्राष्ट्रीय कर्मयोगी अभियानष् के अंतर्गत कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को निर्धारित समय.सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करना तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक स्टील मेल्टिंग शॉप त्रिभुवन बैठाए महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी स्टील मेल्टिंग शॉप श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस महाप्रबंधक स्टील मेल्टिंग शॉप डीके वार्ष्णेय एंड डी यशवंत जौहरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई कर रही

**कांकेर, 18 फरवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण किया जा रहा है तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जा रही है। खाद्य प्रतिष्ठानों पर 32 हजार रुपए अर्थ दंड अधिरोपित किया गया है। इसमें अमानक विक्रय पर कापसी के मिठाई दुकान को 11 हजार रूपए एवं बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के खाद्य व्यापार करने और अस्वस्थकर दशाओं पर खाद्य विनिर्माण पर अन्य दो खाद्य कारोबारकर्ता को 21 हजार रूपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा पनीर के तीन नमूने तथा खोवा-पेड़ा अमानक पाए जाने पर मसाला विनिर्माता कंपनी संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है।

# आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्र से रूबरू कराने के उद्देश्य से श्आप भी जानिए् कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस मनोज कुमारए महाप्रबंधक मानव संसाधन. संकार्य संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक मानव संसाधन आयरन एंड स्टील सुश्री केसुपर्णा तथा महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी ब्लास्ट फर्नेस श्री विकास नशीने उपस्थित थे।



मानव संसाधन विभाग कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय.समय पर श्आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन करता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र की विविध कार्यप्रणालियों एवं उत्पादन प्रक्रियाओं से अवगत कराना है जिससे वे अपने परिजन के कार्यस्थल एवं दायित्वों को बेहतर रूप से समझ सकें।कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन आयरन श्री रोहित हरित ने सभी कार्मिकों के जीवनसंगनियों का स्वागत करते हुए संयंत्र की कार्यप्रणालीए उत्पादन एवं लाभ में कर्मियों के साथ.साथ उनके परिवारों की महत्वपूर्ण सहभागिता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में ब्लास्ट फर्नेस विभाग के 22 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस एसएमएस यूनिवर्सल रेल मिल तथा कोक ओवन बैटरियों में उत्पादन प्रक्रिया को देखा तथा विभागीय सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मुख्य महाप्रबंधक ;ब्लास्ट फर्नेसद्ध श्री मनोज कुमार ने संबोधन में उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस विभाग को एक विस्तारित परिवार की संज्ञा देते हुए राष्ट्र निर्माण एवं विकास में सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली साझा करते हुए सुरक्षा को संयंत्र की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।महाप्रबंधक मानव संसाधन. संकार्यद्ध श्री संजय द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार देश की सेनाए राष्ट्र की रक्षा करती है उसी प्रकार हमारे कर्मठ कर्मचारी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही महाप्रबंधक सुश्री के. सुपर्णा एवं विकास नशीने ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।कार्यक्रम का आयोजन एचण्आरण् कार्यालय. ब्लास्ट फर्नेस विभाग द्वारा किया गया।



**भिलाई, 18 फरवरी।** भोपाल में दुश्यांत संग्रहालय के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन की ओर से लब्धप्रतिष्ठित भिलाई छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित कवि साहित्यकार गोविन्द पाल को 17 फरवरी को भोपाल मध्य प्रदेश में भारत भाषा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है।

## सीताराम साहू ने नशामुक्त मिठाई युक्त होली मनाने की अपील की



**कवर्धा, 18 फरवरी।** जिला भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष सीताराम साहू ने जिलेवासियों से विनम्र अपील की नशा मुक्त मिठाई युक्त होली मनाए । नशा से युवा दूर रहे क्योंकि नशा करने से केंसर , लीवर ओर फेफड़ा खराब होने का खतरा और हृदय में संक्रमण फैलने का असर होने की संभावना होती है ।

# 1.19 करोड़ रुपए की बीमा धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 फरवरी।** जीवित व्यक्तियों को मृत दर्शाकर फर्जी मृत्यु दावा प्रस्तुत कर जाली मृत्यु प्रमाण पत्र एवं केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग कर 1 करोड़ 19 लाख रुपए की बीमा (एनपीएस) धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया है पाटन टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि एचडीएफसी लाइफ कंपनी लिमिटेड, बोकारो (झारखंड) के प्रबंधक ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से संबंधित खातों में फर्जी मृत्यु दावा प्रस्तुत कर लगभग 1 करोड़ 19 लाख रुपए की राशि अनुचित तरीके से निकाली गई है जांच में पाया गया कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश के तहत जीवित व्यक्तियों को मृत दर्शाते हुए जाली मृत्यु प्रमाण पत्र, फर्जी आधार एवं अन्य केवाईसी दस्तावेजों के माध्यम से बीमा दावा प्रस्तुत किया गया प्रकरण में सेवानिवृत्त कर्मचारी के नाम से मृत्यु दावा प्रस्तुत किया गया, जबकि संबंधित व्यक्ति जीवित पाए गए आरोपी राजेश कनोजिया जो दुर्ग क्षेत्र में एक ऑनलाइन सेवा केंद्र संचालित करता है। उसके द्वारा एनपीएस निकासी के नाम पर ग्राहकों से आधार, पेन एवं बैंक संबंधी जानकारी प्राप्त कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दावा प्रस्तुत किया जाता था जांच में यह भी पाया गया कि मृत्यु दावों में समान पते, अमान्य क्यूआर कोड युक्त प्रमाण पत्र, संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से लेन-देन जैसी अनियमितताएं थी प्रकरण में एचडीएफसी लाइफ का पूर्व कर्मचारी राजेश कुमार ठाकुर ने भी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जाली दस्तावेज अपलोड करने एवं सत्यापन प्रक्रिया को दरकिनार करने की भूमिका पाई गई है पाटन थाने पुलिस ने मामले में धारा 316, 318, 336 (2), 337, 338, 339, 340 (2), 61(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर एक आरोपी राजेश कनोजिया (44 साल ) निवासी पंचशील सेक्टर-01 बोरसी दुर्ग को गिरफ्तार कर लिया है वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है

# नेवई और मरोदा क्षेत्र में नहीं खुलेगा तीन दिन नल



**रिसाली, 18 फरवरी।** नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई क्षेत्र स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य करने तीन दिनों का शट डाउन लिया जाएगा। शुक्रवार से रविवार तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से की जाएगी। सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में लिक होने की वजह से शट डाउन लिया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा, वार्ड 19 विजय चैक स्टेशन मरोदा, वार्ड 20 शंकरपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 21 सूर्या नगर, वार्ड 32 नेवई भाटा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम शामिल है।

### निर्माण श्रमिक पंजीयन-नवीनीकरण के लिए हितग्राही करें ऑनलाइन आवेदन

**दुर्ग, 18 फरवरी ।** जिले में संचालित लोक सेवा केन्द्र, च्वाईस सेंटर एवं श्रम संसाधन केन्द्रों के माध्यम से निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। ऐसे पंजीकृत हितग्राही जिनकी पंजीयन या नवीनीकरण तिथि समाप्त हो चुकी है, वे अपने आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक एवं श्रमिक कार्ड की मूल प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होकर नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिक पंजीयन/नवीनीकरण की वैधता 5 वर्षों के लिए निर्धारित है। समयावधि के पश्चात अनवीनीकृत पंजीयन जिनकी वैधता समाप्त हुए एक वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तो श्रम विभागीय पोर्टल पर निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर नवीनीकरण कराया जा सकता है।

## समाचार संक्षेप

### 1.62 करोड़ की लागत से ट्रॉमिल मशीन स्थापित,कचरा प्रबंधन को मिलेगी नई दिशा

**दुर्ग,18 फरवरी।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर में 15वें वित्त आयोग मद से 1.62 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ट्रॉमिल मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन शहर से प्रतिदिन निकलने वाले मिश्रित (मिक्स) कचरे के वैज्ञानिक पृथकीकरण में सहायक सिद्ध होगी।ट्रॉमिल मशीन के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण कर अपशिष्ट का प्रभावी निष्पादन किया जाएगा, जिससे लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।मशीन की विद्युत लोड क्षमता अधिक होने के कारण एसएलआरएम सेंटर में अतिरिक्त विद्युत लोड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु विद्युत मंडल को मांग पत्र प्रेषित किया जा चुका है। आवश्यकतानुसार निर्धारित राशि का भुगतान भी नगर निगम द्वारा कर दिया गया है तथा विद्युत मंडल द्वारा लोड वृद्धि की कार्यवाही प्रगति पर है।इस बीच मशीन का संचालन बाधित न हो, इसके लिए जनरेटर के माध्यम से ट्रॉमिल मशीन का सफलतापूर्वक ट्रायल किया जा चुका है। वर्तमान में मशीन चालू स्थिति में है तथा विद्युत लोड वृद्धि की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इसका नियमित संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और स्वच्छ दुर्ग के संकल्प को और अधिक गति प्राप्त होगी।

### रायपुर नाका मुक्तिधाम में अतिक्रमण महापौर के निर्देश तत्काल हटाया गया



**दुर्ग,18 फरवरी।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर में छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ द्वारा एक कक्ष में किए गए अनधिकृत कब्जे को महापौर श्रीमती अल्का बाघनार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से हटाया गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।महापौर अलका बाघमार के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की। साथ ही छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी स्थल पर अतिक्रमण न करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई है। निगम प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि पुनः इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है तो नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।इसके अतिरिक्त रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम से लगे गार्डन के सौंदर्यकरण हेतु भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आम नागरिकों के उपयोग हेतु सुगम बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।मुक्तिधाम परिसर में स्थल की सीमित उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में शासकीय भूमि पर शव चबूतरा निर्माण पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल निषेध बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को स्पष्ट जानकारी मिल सके और अनावश्यक निर्माण कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।नगर निगम प्रशासन ने पुनः दोहराया है कि सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा, सुव्यवस्था एवं सौंदर्य संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण सख्ती से रोका,इस दौरान सभापति श्याम शर्मा,एमआईसी देव नारायण चंद्रकार,ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे,युवराज कुँजम,अरुण सिंह,मनमोहन शर्मा के अलावा सहायक अभियंता संजय ठाकुर,उपअभियंता हरिशंकर साहू,पंकज साहू मौजूद रहे।

# इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चौबे,सचिव अजय त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण किया



भिलाई, 18 फरवरी। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की छत्तीसगढ़ शाखा की 23वीं वार्षिक आमसभा बैठक डा संजय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में जी ई सी एनआईटी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चितलांगिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के सत्र 2025-2027 के नए अध्यक्ष के रूप में सेल/सेट भिलाई के महाप्रबंधक पुनीत चौबे और मानसेवी सचिव के रूप में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ अजय त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण किया ।

प्रारम्भ में अपने स्वागत भाषण में संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष डा संजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था के राज्य केंद्र द्वारा तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से ज्ञान का आदान प्रदान किया जाता रहा है । वार्षिक गतिविधियों का लेखा जोखा निवर्तमान मानसेवी सचिव डा दिलीप सिंह सिसोदिया ने प्रस्तुत किया । नए अध्यक्ष पुनीत चौबे ने संस्था द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया । उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से समाज की बेहतरी हेतु इंजीनियरिंग समुदाय के योगदान को आगे बढाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया । विशिष्ट अतिथि उमेश चितलांगिया ने अपने उदबोधन में कहा कि द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) अपनी स्थापना के समय से ही तकनीकी तथा इंजीनियरिंग के ज्ञान को बढ़ावा देने की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है । नाल्को के पूर्व निदेशक अरुण शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के पूर्व सदस्य सचिव अनिल शर्मा, राज्य विद्युत नियामक आयोग के पूर्व सचिव पी एन सिंह, जी ई सी एनआईटी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन के सचिव कोमल पारेख, आई बी सी के पूर्व अध्यक्ष के के वर्मा, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की छत्तीसगढ़ शाखा के पूर्व अध्यक्ष वी के कासु, पुणे शाखा के पूर्व अध्यक्ष कमल घोष, भिलाई शाखा के पूर्व अध्यक्ष, शिखर तिवारी, पूर्व मानसेवी सचिव डा नागेन्द्र त्रिपाठी, राज्य शासन के सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी , इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) रायपुर एवं भिलाई के सदस्य उपस्थित थे। संस्था के नए मानसेवी सचिव डा अजय त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए जीईसीएनआईटी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन को उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

# अहिवारा क्षेत्र के विद्यालयों का डीईओ ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

**दुर्ग, 18 फरवरी।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में आगामी 16 से 25 फरवरी तक भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित निरीक्षण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निर्धारित 21 बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की।

डीईओ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गिरहोला, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिवारा, जामुल, बालाजीनगर, पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जरवाय, बालाजीनगर, बानबरद तथा शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला, अहिवारा का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति तथा शिक्षकों के स्टाफ रूम में बैठे पाए जाने पर डीईओ ने नाराज़गी जताई। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अहिवारा में व्याख्याता रीता प्रधान और रेखा साहू अनुपस्थित पाए गए। कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अहिवारा में शिक्षक पीतांबर शर्मा अनुपस्थित मिले, जबकि उपस्थित प्रधान पाठक एम.ए. खान अपने कक्ष में मोबाइल देखते पाए गए। कई विद्यालयों में विद्यार्थी परिसर में इधर-उधर घूमते नजर आए। इन सभी मामलों में डीईओ ने संबंधितों को कड़ी समझाईश दी तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री प्राथमिक शाला जरवाय में मध्यान्ह भोजन के दौरान परिसर में बीमार कुत्तों की मौजूदगी पर उन्होंने प्रभारी शिक्षक को फटकार लगाते हुए आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं पीएम श्री प्राथमिक शाला बालाजीनगर में निर्माण सामग्री (गिट्टी, रेत) बिखरी मिलने और परिसर में गंदगी पाए जाने पर प्रधान पाठक को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। डीईओ ने सभी संस्था प्रमुखों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एमबीयू, आपार, वीएसके, जाति प्रमाण पत्र एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारियों की भी जानकारी ली।

## एक नजर

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 18 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 16.02.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कसडोल की पुलिस टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों बाजार चौक वार्ड नंबर 14 कसडोल एवं ग्राम दर्रा में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?7400 कीमत मूल्य का 74 पाव देशी मसाला/अंग्रेजी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### एनएचएम के तहत विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन 28 फ़रवरी तक

**बलौदाबाज़ार,बलौदाबाजार 18 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न 87 रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति करने हेतु आवेदन 28 फ़रवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) के 17 पद,नर्सिंग ऑफिसर 4 पद,स्टॉफ नर्स 36 पद, एएनएम 2 पद,काउंसलर 2 पद,सपोर्ट स्टॉफ3 पद जूनियर सेक्रेट्रीयल असिस्टेंट 6 पद, लैब असिस्टेंट 2, साइकोलॉजिस्ट 5 पद ,काउंसलर 2 पद, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट,लैब टेक्नीशियन, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर( डेटा), फीडिंग डिमांस्ट्रेटर,अटेंडेंट,कुक कम केयर टेकर,एवं सिक्योरीटी गार्ड के 1-1 के पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु समस्त अर्हताधारी इच्छुक छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को दिनांक 28 फ़रवरी 2026 शाम 5:00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम् से प्रेषित कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए httpsÑ//balodabazar.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 1अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

**बलौदाबाजार 18 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी।अग्निवीर की भर्ती पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वी कक्षा उत्तीर्ण) अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फर्मा के पदों के लिए जारी की गई है। आंनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयेजित होने की संभावना है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट=डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन www.joinindian-army.nic.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निकट स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर सम्पर्क कर सकते है। भारतीय सेना प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के अधार पर किया जाता है।

# लेप्रोस्कॉपिक सर्जन की पदस्थापना से जिला अस्पताल की बढ़ी क्षमता

■ गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन में आई तेजी,पदस्थापना से अब तक 16 सफल ऑपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** जिला अस्पताल बलौदा बाज़ार में नए जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ क़ादिर बेग की पदस्थापना से अस्पताल की क्षमताओं में इज़ाफ़ हुआ है । अस्पताल में अब हर्निया, हाइड्रोसिल,बवासीर, फिमोसिस,सेलुलाइटिसब्रेस्ट एबिस,फाइब्रोडेमा,लिम्फोमा, सिबेशियस सिस्ट जैसी गंभीर बीमारियों का सफ्लतापूर्वक उपचार किया जा रहा है । जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार उक्त ऑपरेशन निःशुल्क किये जा रहे हैं साथ ही आवश्यकता पड़ने पर आयुष्मान कार्ड का भी उपयोग किया जाता है । भर्ती मरीज को भोजन नाश्ता भी दिया जाता है। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि,उक्त ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थित अनुसार कुछ दिन भर्ती किया जाता है बाद में छुट्टी हो जाती है। सर्जन की पदस्थापना से अब तक 16 ऐसे ऑपरेशन किये जा चुके हैं। सेलुलाइटिस का उपचार करा चुके भाटापारा निवासी 45 वर्षीय अनिता के परिजनों ने बताया कि,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया था।उसके बाद वहां ऑपरेशन किया गया।इसमें आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। एक हफ्ते भर्ती रहे उसके बाद छुट्टी हो गई। अभी स्थिति ठीक हैं । अस्पताल की ओटी में में डॉ क़ादिर बेग के साथ दीपशिखा अली,कमलेश, दीपक,शाहरुख ,अंकित,सरस्वती,अनामिका सहयोग कर रहे हैं।

### कोरिया महोत्सव का शुभारंभ: जिलेवासियों को 156 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

# किसान, महिला और जनजातीय समाज के सशक्त होने से बनेगा समृद्ध छत्तीसगढ़ : साय

**रायपुर, 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बैकुंठपुर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन कोरिया महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कोरिया जिलेवासियों को 156 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने 70 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 104 कार्यों का लोकार्पण तथा 85 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक के 40 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य केवल निर्माण परियोजनाएँ नहीं, बल्कि कोरिया जिले की समृद्धि, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य के मजबूत आधार स्तंभ हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को संपन्न और समृद्ध प्रदेश के रूप में विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। राज्य सरकार ने अपने अधिकांश वादों को अल्प समय में पूरा कर दिखाया है तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता से किए गए विकास संबंधी वादों को भी दो वर्षों के भीतर धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सभी शेष संकल्प भी पूर्ण किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और अब उनके निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं। उन्होंने बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों तक नक्सलवाद से प्रभावित रहने के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रयासों से नक्सल उन्मूलन में अभूतपूर्व सफलता मिली है। आज बस्तर के गांव-गांव में सड़क, अस्पताल और स्कूल खुल रहे हैं तथा उजड़े हुए गांव पुनः आबाद हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना प्रारंभ की गई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। हाल ही में खरीदे गए धान की अंतर राशि होली से पहले किसानों के खातों में स्थानांतरित कर दी जाएगी, जिसके अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं और अब तक लगभग 15 हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्षों में पारदर्शी प्रशासन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल सिस्टम से मजबूत बनाया गया है तथा पीएससी भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई गड़बड़ियों की जांच सीबीआई द्वारा कराई जा रही है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की प्राकृतिक संपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज और वन संपदा से भरपूर है तथा खनिजों के वैल्यू एडिशन पर विशेष जोर देकर आर्थिक विकास को नई दिशा दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोरिया जिले में पर्यटन की बेहद संभावनाएं हैं। उन्होंने जिले के विकास को गति देने के लिए देवगढ़ छुरी धाम को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, पुलिस चौकी पोड़ी को थाना का दर्जा देने, पुलिस सहायता केंद्र पंडोपारा को चौकी में उन्नत करने, पीडब्ल्यूडी कार्यालय भवन एवं जिला पुरातत्व कार्यालय स्थापित करने तथा फूलपुर में अधोसंरचना निर्माण एवं ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जिले में आवागमन सुविधा सुदृढ़ करने के लिए कई सड़क और पुल-पुलिया निर्माण कार्यों की भी घोषणा की। उन्होंने कोरिया से छिंदया शिवपुर गांव तक लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से पुल-पुलिया निर्माण, कुषहा से घुघरा मार्ग पर 6 करोड़ रुपये की लागत से पुल-पुलिया निर्माण तथा 18 करोड़ रुपये की लागत से सलका बाईपास निर्माण की घोषणा की।

## आबकारी टीम ने 1लाख 70 हजार रुपये की अवैध शराब व लाहन किया जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 1लाख 70 हजार रुपये का अवैध महुआ शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम घटमड़वा डेरा थाना गिधौरी में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है वहा दबिश देकर विधिवत तलाशी लेने पर 30 किलोग्राम क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में भरी 85 नग कुल 2550 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 5 लीटर क्षमता वाली 3 नग जरीकेन में भरी एवं 10 लीटर क्षमता वाली 2 जरीकेन एवं एक 20 लीटर क्षमता वाली जरीकेन में भारी कुल 55 बल्क लीटर महुआ शराब नाला किनारे लावारिस हालात में बरामद हुई एवं महुआ लाहन की सेंपल लेकर सभी लाहन को मौक पर नष्ट किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 11,000 एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 1,53,000 रुपये होना पाया गया। धारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की 34(1) (क) (च) 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

इसी प्रकार मंगलवार को वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी (ब) में आरोपी घासीराम पिता ननकुनिया उम्र 37 वर्ष सा. अर्जुनी (ब) थाना कसडोल के कब्जे से 30.00 बल्क लीटर हाथभ?ट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 6,000 रुपये होना पाया गया।आरोपी घासीराम पिता ननकुनिया उम्र 37 वर्ष सा. अर्जुनी (ब) के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उप निरीक्षक मनराखन नेताम एवं नगर सैनिक कमल वर्मा, राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तिल्दा नेवरा संजीवनी रक्तदाता संघ के शिविर में 71 लोगों ने किया रक्तदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 फरवरी।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र में विगत 23 वर्षों से जरूरतमंदों को रक्त मुहैया करने के अलावा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिकों कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले संजीवनी रक्तदाता संघ के तत्वाधान में पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों के स्मृति में संस्कृतिक भवन गुरु घासीदास चौक नेवरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो शिविर आयोजन का चौथा वर्ष था कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलौदा बाजार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं राम गिड़लानी के कर कमलो द्वारा मां सरस्वती व हनुमान जी की तस्वीर में माल्यार्पण कर किया गया जहां मुख्य अतिथि शैलेष नितिन त्रिवेदी ने भी अपना रक्तदान कर लोगों का उत्साह वर्धन किया। शिविर में अपना ब्लड बैंक रायपुर के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम व अनुभवी टैक्नीशियन प्रशिक्षित डाक्टरों के द्वारा सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सेवाएं दी गई शिविर में कुल 71 लोगों (पुरूष एवं महिला)ने अपना बहुमूल्य रक्तदान किया सभी रक्तदाताओं को संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा प्रशस्ति पत्र, सेफ्टी हेलमेट व टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान नीरज राठी , मोती हिंदुजा ,ओम ठाकुर , राम गिडलानी , हेमलाल साहू , सुनील सोनी , तोरण जांगड़े,कपिल निषाद(उपाध्यक्ष), ओम प्रकाश सिंह चौहान (अध्यक्ष), इंद्राज निषाद, योगेश निषाद, दिनेश यादव, मोहन साहू, श्रीमती सरस्वती निषाद, कु डिंकी चौहान ,लक्ष्मी सिंह चौहान, हर्ष सिंह चौहान, राज सिंह चौहान, देवेंद्र जायसवाल, यशवंत मानिकपुरी, मोहन यादव, आशीष साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र असनीद में महिलाओं को कानून व अधिकारों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र असनीद में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत असनीद में आईटीआई, कॉलेज में सी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी देते हुए सदस्यों को ऑनबोर्ड किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सोशल मीडिया पर पोस्ट,इंफोग्राफिक्स के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, ग्राम पंचायत असनींद सरपंच संतोष कुमार ध्रुव, सचिव जिगेश्वर पैकरा, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता, सहायिका, ग्रामवासी, आईटीआई, कॉलेज के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## टीम शक्ति ने छात्रों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, नशामुक्त जीवन एवं सायबर सतर्कता का दिया संदेश



**बलौदाबाजार 18 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में टीम शक्ति द्वारा जिले में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों की श्रृंखला के अंतर्गत आज दिनांक 17.02.2026 को शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल पलारी में छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा सेल्फ डिफेंस, महिलाओ पर होने वाले अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनकी रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर होने वाले लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा किसी भी विपरीत परिस्थिति का डटकर सामना करने के बारे में बताया गया। साथ ही आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को पुलिस कंट्रोल रूम एवं समाधान सेल का मोबाइल नंबर देकर यह विश्वास दिलाया कि किसी भी समस्या के समय वे उनसे एवं पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। टीम शक्ति द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाया गया और उन्हें सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना सिखाया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में लोग अक्सर ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जहां कई तरह के जोखिम मौजूद हैं। उन्होंने छात्रों को फर्जी लिंक, अंजान नंबर, ओटीपी धोखाधड़ी, गलत मैसेज, फोटो दुरुपयोग, साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से बचने के तरीके समझाए। साथ ही यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि तुरंत माता-पिता और पुलिस को बतानी चाहिए। छात्रों को नशे और अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग आजकल नकारात्मक चीजों से जल्दी प्रभावित होते हैं, इसलिए उन्हें आत्मनियंत्रण और सही-गलत का विचार करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि नियम और कानून सभी के लिए समान हैं और सभी अपराधों के लिए दंड प्रावधान मौजूद हैं। नशा मुक्ति को लेकर बताया गया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

### सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# सरगुजा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता : सीएम साय

**रायपुर 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज कोरिया जिले के बैकुंठपुर में आयोजित सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में सरगुजा संभाग के जिलों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने सरगुजा और बस्तर क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता में रखा है।प्राधिकरण के माध्यम से पिछड़े एवं वनांचल क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज के सशक्तिकरण और क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और सभी के सहयोग से इस क्षेत्र को प्रगति के नए शिखर पर पहुंचाया जाएगा।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण हेतु 50 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर 543 विकास कार्यों के लिए 4905.58 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई, जबकि वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 606 कार्यों को भी औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा लंबित कार्यों को मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने गर्मी के मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सोनहत विकासखंड में विद्युतीकरण का कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों तक पहुंच सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में हाईमास्ट सोलर लाइट लगाने, किसानों की समस्याओं के समाधान, बिजली बिल त्रुटियों को दूर करने तथा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्राधिकरण की पिछली बैठक जशपुर जिले के मयाली में आयोजित हुई थी, जिसके बाद मयाली की पहचान पर्यटन केंद्र के रूप में बढ़ी है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में विश्व के बड़े शिवलिंग को स्थान मिला तथा स्वदेश दर्शन योजना के तहत राशि स्वीकृत हुई। उन्होंने कहा कि बैकुंठपुर में आयोजित इस बैठक से भी जिले की पहचान और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि झुमका जलाशय सहित यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस प्रकार विभिन्न जिलों में बैठक आयोजित करने से स्थानीय विकास को गति मिलती है। बैठक में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, सांसद श्री चिंतामणि महाराज, विधायकगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सड़कें व्यापार के लिए नहीं पर सड़कों पर व्यापार होता है

सब जानते हैं शहर की सड़कें ठेला लगाकर,सड़क किनारे कब्जा कर दुकान का सामान रख कर व्यापार करने के लिए नहीं है।सड़कें जनता के चलने के लिए हैं।लेकिन कोई मानता नहीं है सब सड़क पर वह सब काम करते हैं जिससे उनको सुविधा होती है।कोई समझता है कि सड़क है तो उसके दुकान का सामान बाहर रखने के लिए है,कोई चाय,नाश्ता ठेला लगाता है तो वह समझता है कि सड़क तो उसके ठेला रखने के लिए बनाई गई है। कोई समझता है कि सड़के बनाई इसलिए गई है कि वह अपनी कार व दुपहिया सड़क पर खड़ी कर सकें। सड़कें चौड़ी इसीलिए बनाई जाती हैं लोग आसानी से कहीं जाना है तो समय पर पहुंच सके लेकिन सड़कों का उपयोग चलने से ज्यादा दूसरों कामों में ज्यादा किए जाने से हर सड़क दिन के वक्त किसी मोहल्ले की संकरी गली जैसी हो जाती है और उस पर कई जगह इसी वजह से जाम लगता है,जाम में फंसे लोग कहीं समय पर पहुंच नहीं पाते हैं। सड़क पर जाम से आए दिन परेशान रहने वाले लोगों को अच्छा लगता है जब पुलिस व नगर निगम की टीम दिन के वक्त संकरी सड़कों को चौड़ी करने के लिए लावलश्कर के साथ उतरती है।सड़क किनारे दुकान का सामान जब्त करती हैं, दुकान के शेड़ को तोड़ती है।ठेलों व फुटपाथ पर व्यापार करने वालों का सामान जब्त करती है। एक दिन मौदहापारा मे,दूसरे दिन मालवीय रोड़, बैजनाथ पारा, एवरग्रीन चौक आदि से अवैध कब्जा हटाया जाता है।सड़क एक दो दिन चौड़ी दिखती है, लोगों को दिखता है कि हमारे शहर की सड़के तो चौड़ी है,यह हमेशा इतनी चौड़ी क्यों नही रहती हैं । वह इसलिए नहीं रहती हैं क्योंकि दूसरे दिन ही सबकुछ पहले जैसा हो जाता है, लोग फिर से सड़क पर कब्जा कर अपना काम करने लगते हैं। निरंतर सख्ती नहीं किए जाने से हमारे शहर में सड़क पर कब्जा करके अपनी सुविधा का काम करना सबसे आसान है। बरसों से यही होता आ रहा है कि नगर निगम व पुलिस की टीम साल में एक दो बार अवैध कब्जों को हटाने का काम करते हैं उसके बाद वह कुछ नहीं करती हैं तो इससे लोगों को लगता है कि वह सड़क पर महीनों कुछ भी कर सकते हैं।कोई महीनों ठेला लगा सकता है, कोई महीनों कार खड़ी कर सकता है,कोई दुकान की सामने की जगह किसी को धंधा करने के लिए दे सकता है।इसके लिए पुलिस व निगम प्रशासन भी उतना ही दोषी जितने दोषी सड़क पर कब्जा करने वाले है। वह एक दो दिन सख्ती करते है, उसके बाद सख्ती करना भूल जाते हैं। सड़क को साल भर चौड़ी बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है लेकिन वह एक दो ही सड़क को चौड़ी रख पाते हैं।सड़क को संकरी रखने से किसी को यदि पैसा मिलता है तो वह सड़क चौड़ी करने का काम करके अपना नुकसान कैसे कर सकता है। सड़क पर जो धंधा करते हैं वह अपने लिए तो पैसा कमाते ही हैं, वह उन लोगों के लिए पैसा कमाते हैं जो उनको सड़क पर धंधा करने देते हैं। सड़कें लोगों के चलने के लिए हैं तो कुछ लोगों के लिए कमाई का जरिया भी हैं।

किसी मोहल्ले में कोई मंत्री,विधायक या महापौर हो जाए तो उस मोहल्ले के लोगों को लगता है कि मोहल्ले की सड़क भी हमारे मंत्री,विधायक व महापौर की है। मोहल्ले की सड़क का हम जैसा चाहे वैसा उपयोग कर सकते हैं।शहर में कई जगह ऐसा बरसों से हो रहा है। कहीं एक दिन तो कहीं बारहों महीनों सड़क पर ही बाजार लगता है और अब तो वह समझते हैं कि यह उनका अधिकार है।किसी पूर्व विधायक,पूर्व महापौर व पूर्व मंत्री के इलाके में निगम व पुलिस की टीम अवैध कब्जे हटाती है,अच्छा काम करती है तो राजनीति शुरू हो जाती है कि किसी नेता का बयान आ जाता है कि सिस्टम के तहत नहीं की जा रही है कार्रवाई।भाजपा से जुड़े व्यापारियों के विरुध्द नहीं की जा रही है कार्रवाई। कांग्रेस से जुड़े व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। शहर के लोगों को यह पढ़कर भी अच्छा लगता है कि यातायात को सुगम बनाने और शहर को कब्जामुक्त करने के लिए हुई बैठक में महापौर कहती हैं कि हमारा लक्ष्य जनता को सुविधाएं मुहैया कराना है।सड़क चाहे किसी भी विभाग की होंयह मायने नही रखता है।वह भी चिंतित है कि अभियान चलाने के बाद भी लगातार अवैध कब्जा सड़क पर बना रहता है।वह यह भी मानती है कि छोटे मोटे काम करके परिवार चलाने वालों को निगम वेंडर जोन बनाकर नहीं दे सका इसी वजह से सड़क के किनारे ही ठेले व गुमटियां दिखते हैं। महापौर की यह बात भी अच्छी लगती हैं कि जो भी जनता के हित में है वह काम किया जाएगा चाहे इसके लिए सख्ती क्यों न करनी पड़े,क्योंकि व्यवस्था बनाना हमारी जिम्मेदारी है, सबसे पहले 18 चौक चौराहों को व्यवस्थित किया जाएगा। जनता देख रही है कि महापौर आने वाले समय में क्या कर पाती हैं क्योंकि जनता ने तो ऐसे बातें कहते कई महापौर को देखा है।

गंभीर मुद्दा

# मीठे पानी की कमी नहीं,उपलब्ध कराना चुनौती

विशेष

डॉ. प्रियंका सौरभ



आज विश्व जिस सबसे गंभीर संसाधन संकट का सामना कर रहा है, उनमें मीठे जल का संकट अत्यंत गहन और बहुआयामी है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत खारा है और केवल लगभग 3 प्रतिशत मीठा जल है, जिसमें से भी बहुत छोटा भाग ही मानव उपयोग के लिए सुलभ है। इसके बावजूद, आज विश्व की 2ङ्क3 अरब आबादी वर्ष के किसी न किसी समय जल संकट से जूझती है। यह संकट केवल जल की भौतिक कमी का नहीं, बल्कि जल की घटती उपलब्धता और समान व सुरक्षित पहुँच–दोनों का संयुक्त संकट है, जो पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों को एक साथ प्रभावित करता है।

पिछले कुछ दशकों में मीठे जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट देखी गई है। इसका एक प्रमुख कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग की बढ़ती माँग ने जलभृतों पर असहनीय दबाव डाला है। हरित क्रांति के बाद सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और बोरवेल पर बढ़ती निर्भरता ने प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता को पीछे छोड़ दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों में भूजल स्तर का तीव्र पतन भविष्य की जल सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। कई क्षेत्रों में जलभृत स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता और भी अनिश्चित हो गई है।

जल स्रोतों का प्रदूषण मीठे जल संकट का दूसरा बड़ा कारण है। नदियों, झीलों और भूजल में बिना शोधन के छोड़ा गया घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, भारी धातुएँ और कृषि रसायन जल को अनुपयोगी बना रहे हैं। विकासशील देशों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहाँ शोधन अवसंरचना का अभाव है। परिणामस्वरूप, कई स्थानों पर जल उपलब्ध होते हुए भी पीने योग्य नहीं रह जाता, जिससे स्वास्थ्य संकट उत्पन्न होता है और जल की प्रभावी उपलब्धता घट जाती है।

जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण हिमनदों का तीव्र पिघलना, वर्षा के पैटर्न में अनिश्चितता और सूखे-बाढ़ की बढ़ती आवृत्ति देखी जा रही है। हिमालय, आल्प्स और एंडीज़ जैसे क्षेत्रों में हिमनदों का सिकुड़ना दीर्घकाल में नदियों के प्रवाह को अस्थिर कर रहा है। अल्पकाल में यह बाढ़ का कारण बनता है, जबकि दीर्घकाल में स्थायी जल संकट को जन्म देता है। मानसूनी क्षेत्रों में अनियमित वर्षा ने जल भंडारण और कृषि योजना को भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है।



इसके साथ ही, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पुनर्भरण क्षेत्रों का तेजी से क्षरण हुआ है। शहरीकरण, अवैज्ञानिक भूमि उपयोग और रियल एस्टेट विकास ने झीलों, तालाबों, बाढ़ मैदानों और दलदलों को नष्ट कर दिया है। ये पारिस्थितिक तंत्र न केवल जल संग्रह और भूजल पुनर्भरण में सहायक होते हैं, बल्कि बाढ़ और सूखे के प्रभावों को भी संतुलित करते हैं। इनके विनाश से जल चक्र का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है।

जनसंख्या वृद्धि और उपभोग के बदलते पैटर्न ने भी मीठे जल पर दबाव बढ़ाया है। शहरी जीवनशैली, जल-गहन उद्योग और भोजन की बदलती आदतें–विशेषकर मांसाहारी आहार–ने प्रति व्यक्ति जल पदचिह्न को बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, जल की माँग प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से कहीं अधिक हो गई है।

जहाँ एक ओर जल की उपलब्धता घट रही है, वहीं दूसरी ओर कई क्षेत्रों में जल उपलब्ध होते हुए भी लोगों की पहुँच उससे वंचित है। इसका प्रमुख कारण अपर्याप्त अवसंरचना है। कई देशों में जल संग्रहण, शोधन और वितरण की व्यवस्थाएँ कमजोर हैं। पुराने पाइपलाइन नेटवर्क, उच्च लीकेज और अपर्याप्त भंडारण के कारण बड़ी मात्रा में जल उपभोक्ताओं तक पहुँचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार विकासशील देशों में शहरी जल का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा वितरण के दौरान ही नष्ट हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, जल गुणवत्ता की समस्या भी पहुँच को सीमित करती है। जहाँ जल भौतिक रूप से उपलब्ध है, वहाँ भी प्रदूषण के कारण वह पीने योग्य नहीं रहता। दूषित जल से होने वाली बीमारियाँ आज भी कई देशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती हैं, जिससे गरीब और हाशियाकृत समुदाय सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

राजनीतिक और कानूनी बाधाएँ भी जल तक पहुँच को सीमित करती हैं। जल एक साझा संसाधन है, जिसके कारण अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय विवाद उत्पन्न होते हैं। नदियों के बँटवारे, संघीय ढाँचे में अधिकारों के टकराव और अंतरराष्ट्रीय नदी समझौतों की जटिलताओं के कारण कई बार जल-समृद्ध क्षेत्रों में भी समान पहुँच संभव नहीं हो पाती।

सामाजिक असमानता इस संकट का एक और महत्वपूर्ण पहलू है। जल संकट का सबसे बड़ा बोझ समाज के कमजोर वर्गों–ग्रामीण गरीबों, शहरी झुग्गी बस्तियों, महिलाओं और बच्चों–पर पड़ता है। कई स्थानों पर सामाजिक भेदभाव, गरीबी और वहन क्षमता की कमी के कारण सुरक्षित जल तक समान पहुँच नहीं मिल पाती, जिससे असमानता और गहरी हो जाती है।

कमजोर जल शासन भी समस्या को जटिल बनाता है। जल प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं में समन्वय की कमी, विश्वसनीय डेटा का अभाव और अल्पकालिक नीतियाँ दीर्घकालिक समाधान के मार्ग में बाधा बनती हैं। कई देशों में जल से जुड़े अधिकार और जिम्मेदारियाँ अनेक मंत्रालयों और एजेंसियों में बँटी होती हैं, जिससे एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण विकसित नहीं हो पाता।

मौसमी असंतुलन भी जल पहुँच की समस्या को बढ़ाता है। मानसूनी क्षेत्रों में वर्षा कुछ महीनों तक अत्यधिक होती है, जबकि शेष वर्ष जल अभाव बना रहता है। अपर्याप्त भंडारण और प्रबंधन के कारण यह मौसमी जल स्थायी उपलब्धता में परिवर्तित नहीं हो पाता। चेन्नई और केप टाउन जैसे शहर इस विरोधाभास के प्रमुख उदाहरण हैं, जहाँ बाढ़ और सूखा एक ही वर्ष में देखने को मिलते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें लगातार चेतावनी देती रही हैं कि मीठे जल का संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और वैश्विक शांति से भी गहराई से जुड़ा है। जल की कमी आज संघर्ष, प्रवासन और आजीविका संकट का एक उभरता कारण बन रही है।

अंततः, मीठे जल का संकट मानवता के सामने खड़ी सबसे बड़ी साझा चुनौतियों में से एक है। यह स्पष्ट है कि यह समस्या केवल प्राकृतिक सीमाओं की नहीं, बल्कि मानव निर्मित नीतिगत और प्रबंधन विफ्लताओं की भी है। यदि समय रहते सतत जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, आर्द्रभूमि संरक्षण, समावेशी जल शासन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दी जाए, तो इस संकट को अवसर में बदला जा सकता है। जल सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा अनिवार्य दायित्व है।

*(लेखक पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)*

# पश्चिम की चकाचौंध से विखंडित होते संयुक्त परिवार

विश्लेषण

संजीव ठाकुर कवि



समय के परिवर्तन के साथ ही भौतिकता ने अपना परचम फैलाना शुरू कर दिया है। पाश्चात्य शैली की आधुनिकता ने वैदिक और संस्कारी परिवारों में विखंडन की बड़ी विभीषिका ने आमद शुरू कर दी है। बड़े और संस्कारी परिवार गिनती के शेष रह गए हैं। परिवारों में स्नेह,प्यार और आपसी सम्मान की भावनाओं में बेहद कमी होने लगी है। भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है। महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद




रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैद्य बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल, व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैद्य करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरह हम सबका मार्गदर्शन करते हैं, अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें। इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। आज छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। आज आपके मन में तरह-तरह की बाते चलेंगी।

**तुला:** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा।

**मकर:** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें।

**कुम्भ:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

**मीन:** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जायेंगे।

चिंतन

प्रो. बीजू वर्के, डॉ. शैलजा त्रिपाठी

# श्रम संहिताएं : एक नई दृष्टि



चार श्रम संहिताओं की 21 नवंबर, 2025 को आधिकारिक घोषणा के साथ ही एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह घोषणा भारत की श्रम कानून व्यवस्था में एक बड़े ढांचागत सुधार का संकेत है। अनुमानों के अनुरूप ही इसकी सराहना और आलोचना, दोनों ही की गई है। बहुप्रतीक्षित श्रम कानून सुधारों ने कामगारों से संबंधित 29 से ज्यादा कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेट दिया है। भारतीय श्रम कानूनों में सुधारों की मांग लंबे अरसे से चली आ रही थी। इस संबंध में समय-समय पर सीमित घोषणाएं की गईं और उन्हें टुकड़ों में लागू किया गया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत थे कि देश को आगे ले जाने के लिए एक उत्पादक, समावेशी और सशक्त कार्यबल तथा कामकाज का उपयुक्त परिवेश जरूरी है। बदलाव की इच्छा सब में होने के बावजूद हर हितधारक की अपनी अलग-अलग उम्मीदें और चिंताएँ थीं।

इन सुधारों का उद्देश्य श्रमिक कल्याण को मजबूती देना और अनुपालन को सरल बनाना है। श्रम नियमन के ढांचे को वर्तमान आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना तथा व्यवसाय सुगमता में वृद्धि के उपायों को मजबूत करना भी इनका उद्देश्य रहा है। इन सुधारों के तहत 29 महत्वपूर्ण कानूनों को वेतन, सामाजिक संरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा औद्योगिक संबंध से जुड़ी चार संहिताओं में समेट दिया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रमिकों के कामकाज को औपचारिक रूप देना, कानून के दायरे से अब तक बाहर रहे अनौपचारिक, अस्थाई और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, महिला अधिकारों का संवर्द्धन तथा सभी क्षेत्रों में नियोक्ता-श्रमिक संबंधों को आधुनिक बनाना है।

नई श्रम संहिताओं की नीचे वर्णित कुछ विशिष्टताएं उन्हें देश की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं-

**सुदृढ़ीकरण और सामंजस्य:** भारत के श्रम कानून ऐतिहासिक तौर पर विभाजित तथा परिभाषाओं की बहुलता और सख्त अनुपालन व्यवस्थाओं से ग्रसित थे। नियोक्ताओं को एकदूसरे से मिलती-जुलती अनेक नियामक जरूरतों का सामना करना पड़ता था। श्रमिक और खास तौर से असंगठित कामगार आम तौर पर वैधानिक संरक्षण के दायरे से बाहर थे। श्रम संहिताओं ने अनुपालन की पिछली जटिल प्रणाली को समरूप परिभाषाओं, डिजिटल प्रक्रियाओं और विस्तारित दायरे से सरल बनाया है।

**सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों का अनुपालन:** सुधारों में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन कार्य सिद्धांतों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन, श्रमिक अधिकारों और समानता का संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा और संवाद शामिल है।

**अनुपालन का सरलीकरण:** पुरानी प्रणाली में अत्यधिक कागजी कार्रवाई, निरीक्षणों पर अतिनिर्भरता और कमजोर अनुपालन जैसी खामियां थीं। नई संहिताओं में अनुपालन प्रणालियों को सुचारू बनाने के साथ ही उल्लंघनों को रोकने के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है।

**संवहनीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल:** ये संहिताएं श्रमिक अधिकारों को मजबूत कर, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करते हुए तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 8 को आगे बढ़ाती हैं। इसके अलावा ये एसडीजी 1,3,5 और 10 को हासिल करने में भी सहायक हैं।

**कार्य संबंधी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप:** इन संहिताओं में तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय बदलावों को ध्यान में रखा गया है। इनमें विस्तारित परिभाषाओं, पुनर्प्रशिक्षण के प्रावधानों, व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज और वैकल्पिक कार्य व्यवस्थाओं के औपचारीकरण के जरिए भविष्य की कार्य संबंधी चिंताओं का निराकरण किया गया है।

### संहिताओं की मुख्य विशेषताएं और उनका प्रभाव

**वेतन संहिता, 2019:** यह संहिता पिछले चार कानूनों को एकीकृत करती है और मजदूरी की एक समान परिभाषा तथा राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की अवधारणा पेश करती है। यह व्यापक और अधिक सुसंगत वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करती है, समय पर भुगतान को अनिवार्य बनाती है, और समान पारिश्रमिक के नियम को सुदृढ़ करती है, जिससे आय सुरक्षा मजबूत होती है और विवादों में कमी आती है।

**औद्योगिक संबंध संहिता, 2020:** यह संहिता मजदूर संगठनों, औद्योगिक विवादों और स्थायी आदेशों को नियंत्रित करने वाले कानूनों को एक साथ लाती है। यह विवाद समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, निश्चित समय-सीमा निर्धारित करती है और हड़ताल, कामबंदी तथा छंटनी से जुड़े नियमों को तर्कसंगत बनाती है। जहाँ यह नियोक्ताओं को परिचालन के लिए लचीलापन प्रदान करती है, वहीं सामूहिक सौदेबाजी और कानूनी समाधान के लिए सुरक्षा उपायों को भी बरकरार रखती है।

**सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020:** यह संहिता संगठित क्षेत्र से आगे जाकर सुरक्षा के दायरे का विस्तार करके एक बड़े बदलाव का संकेत देती है। इसके अंतर्गत गिग कामगारों, प्लेटफॉर्म के जरिये काम करने वाले श्रमिकों को भविष्य निधि, बीमा, मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा से संबंधित वैधानिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया है।

**व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति (ओएसएच) संहिता, 2020:** यह ओएसएच संहिता सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों को एक एकीकृत ढांचे में समाहित करती है। यह कार्यस्थल सुरक्षा मानदंडों का मानकीकरण करती है, नियामक निरीक्षण को मजबूत करती है और सभी क्षेत्रों में इसे लागू करने में सुधार करती है।

### आगे की राह क्या है?

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा नए श्रम कानूनों के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि इन संहिताओं ने बेहतर भविष्य के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगाई है। जहाँ 64 प्रतिशत श्रमिकों का मानना है कि संहिताओं के लागू होने से आय सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं नियोक्ताओं ने भी निश्चित अवधि के रोजगार अनुबंधों (64 प्रतिशत) और कार्यस्थल सुरक्षा (73 प्रतिशत) को लेकर इसी तरह के भाव व्यक्त किए हैं। दोनों ही हितधारक इन संहिताओं को एक ऐसे साधन के रूप में देखते हैं जो दोनों पक्षों के अनुभवों को बेहतर बनाएगा।

चारों श्रम संहिताएं भारत के श्रम शासन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक हैं। पुराने पड़ चुके कानूनों को एकीकरण, सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार और नियोक्ताओं के लचीलेपन तथा श्रमिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाकर, इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक कुशल, समावेशी और विकासोन्मुखी श्रम बाजार बनाना है। चूंकि ये संहिताएं कार्यान्वयन के शुरुआती चरण में हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी हितधारक इन्हें खुले मन से अपनाएं और विफलता से सीखकर तेजी से सुधार करने वाला दृष्टिकोण रखें। इनकी अंतिम सफलता इनके प्रभावी कार्यान्वयन, हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और संवैधानिक मूल्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों की तरह निरंतर अमल में लाने पर निर्भर करेगी।

**(लेखक, प्रो. बीजू वर्के आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर और डॉ. शैलजा त्रिपाठी वेजइंडिकेटर हैं)**

## शब्द-सामर्थ्य 320

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्व |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सु-दोकू 320

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# पातरराास में निजी भूमि पर टेलिंग्स डंप किए जाने से आसपास के रहवासी परेशान

- नपा उपाध्यक्ष के परिवार की 8 एकड़ निजीभूमि में 2 लाख मिट्रिक टन टेलिंग्स डालने के लक्ष्य
- धड़ाधड़ टेलिंग्स भरे वाहनों की आवाजाही से पातरराास लाल मिटटी से पट रहा है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 18 फरवरी।** जैविक जिला दंतेवाड़ा की पहचान को औद्योगिक अपशिष्ट ठोस लाल मिटटी (टेलिंग्स)से पाटकर मटियामेट करने का काम हो रहा है और इस काम में कहीं ना कहीं प्रशासन का भी सहयोग बैलाडिला में स्थित निजि कंपनी आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमि0 को मिला हुआ है। शायद यही वजह है कि आज दंतेवाड़ा जिले में गांवों से लेकर शहर के अंदर तक लाल जहर परोसा जा रहा है। इसके दूरगामी परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते हैं। खुले में टेलिंग्स डंप करने से जहां पर्यावरण को नुकसान हो रहा है वहीं आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ता तय है। अवशिष्ट लाल मिटटी अपने आसपास के उपजाऊ भूमि की उर्वरता को खत्म कर उसे बंजर बनाने की ताकत रखता है। यह मालुम होने के बाद भी नपा उपाध्यक्ष इस कार्य को न केवल सपोर्ट कर रहे हैं बल्कि अपने कृषि भूमि पर भारी मात्रा में टेलिंग्स डंप करवा रहे हैं। उन्हें इस बात से कोई सरोकार नहीं कि उनके इस कृत्य से आसपास के रहवासियों को कितनी परेशानी हो रही होगी। पर्यावरण को कितना नुकसान हो रहा होगा । जनप्रतिनिधि होकर भी वे जनभावनाओं का ख्याल नहीं रख रहे। नियम कायदों को धता बताते हुए टेलिंग्स की डंपिंग का काम निर्बाध गति से अब भी जारी है।

गौरतलब है कि बीते कुछ महिनों से दंतेवाड़ा जिले के अलग अलग क्षेत्रों में किरंदुल स्थित बेनेफिसिएशन प्लांट से निकलने वाला औद्योगिक ठोस अपशिष्ट कचरा जिसे लाल मिटटी अथवा लाल जहर भी कहा जा सकता है लाकर नियम कायदों को धता बताते धड़ाधड़ यहां वहां जमीन खोद खोदकर डंप किया जा रहा है। कुछ जगहों पर प्रशासन की अनुमति से तो कुछ निजि भूमि पर भूमिस्वामी की सहमति से टेलिंग्स गिराई जा रही है। किसी किसी क्षेत्र में तो बिना अनुमति के ही डंपिंग हो रही है। जिसका क्षेत्र के ग्रामीण विरोध भी कर रहे हैं। आर्सेलर मित्तल निप्पोन कंपनी के प्लांट में कई लाखों टन लाल मिटटी जमा पड़ा है जिसे खपाने आर्सेलर मित्त्ल कंपनी जगह ढुंढता फिर रहा है और जहां उनको जगह दिख रहा है वहां जाकर टेलिंग्स डंप कर दे रहे हैं जिसका अब गांव से लेर शहर तक भारी विरोध होने लगा है। नगरीय क्षेत्र की बात करें तो वार्ड क्र0 12 पातरराास में नपा उपा0 कैलाश मिश्रा के करीब 8 एकड़ निजि कृषि भूमि पर टेलिंग्स डंप किया जा रहा है। यहां करीब 2 टन टेलिंग्स डालने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें एक टन टेलिंग्स तो बीते साल ही जमीन खोदकर वहां डाला जा चुका है। शेष भूमि पर इस वर्ष फिर से टेलिंग्स डंप करने की कवायद शुरू हुई है। जिस जगह पर लाल मिटटी डंप किया जा रहा है उस भूमि पर कई बड़े बड़े पेड़ भी खड़े थे जिसमें सागौन समेत कुछ अन्य प्रजाति के वृक्ष भी मौजूद थे जिसे भी जेसीबी लगाकर उखाड् दिया गया है। टेलिंग्स डंप करने या भण्डारण के लिए नियमतः पहले एनजीटी, पर्यावरण, वन, खनन एवं माईनिंग समेत कुछ अन्य विभागों से अनुमति या कहें एनओसी लेना होता है मगर दुर्भाग्य से यहां इन नियमों का भी पूर्ण रूपेण पालन नहीं किया जा रहा और टेलिंग्स डंपिंग का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। पातारास में जिस जगह पर टेलिंग्स डंप किया जा रहा है उसके नजदीक ही तालाब है लोगों के खेत हैं, पानी का जलस्रोत है, बसाहट है साथ ही बच्चों की स्कूल भी नजदीक ही है। लाल मिटटी का कण हवा में उड़उड़कर घरों और स्कूलों के अंदर तक पहुंच रहा है जिससे वायु प्रदूषित हो रहा है। कई पैरेंटस तो अपने बच्चों की सेहत खराब हो जाने के डर से बच्चों को स्कूल ही नहीं भेज रहे। आसपास के खेत खलिहान पर भी इसका व्यापक असर पड़ रहा है। हालात इस कदर खराब हो चलें हैं कि बच्चों के स्कूलों को कव्हरअप करने त्रिपाल से ढंका जा रहा है। जानकारी के मुताबिक अब तक 40 से अधिक वृक्षों की बलि ली जा चुकी है। जिस जगह पर टेलिंग्स डंप किया जा रहा है वहीं के एक पीड़ित परिवार द्वारा लाल मिटटी के कहर से निजात दिलाने कलेक्टर से गुहार भी लगाया गया था लेकिन नपा उपाध्यक्ष द्वारा दबाव डालकर पीड़ित पक्ष को चुप करवा दिया गया है ऐसी सूत्रों से जानकारी है। नपा उपाध्यक्ष के जिस निजि भूमि पर टेलिंग्स डंप करवाया जा रहा है इसकी अनुमति पिछले वर्ष पालिका कार्यालय से ली गई थी। मगर यह भी ज्ञात हुआ है कि तात्कालीन सीएमओ ने अपने हस्ताक्षर से अनुमति प्रदान किया था लेकिन नियमतः इस विषय को परिषद से पास नहीं किया गया था जिसको लेकर भी विवाद है। वर्तमान सीएमओ पालदास से परमिशन की कॉपी मांगने पर गोलमोल जवाब दिया जाता है और सारा दस्तावेज बाढ़ में बह जाने की कहानी गढ़ी जाती है। कुछ भी दस्तावेज मांगो एक ही रटा रटाया जवाब होता है पालिका का कि सब बाढ़ में स्वाहा हो गया तो कहां से जानकारी उपलब्ध करवाये। खैर नगर पालिका की अपनी कुछ मजबुरियां होगी कि वो कैसे अपने उपाध्यक्ष की कारगुजारियों का पुलिंदा सार्वजनिक करे। मगर जिस तरह से दंतेवाड़ा जिले के गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में बीते कुछ महिनों से धड़ाधड लाल जहर को जगह जगह लाकर डंप किया जा रहा है वो बेहद ही चिंतनीय है। पर्यावरणविद भी इसको लेकर गहरी चिंतन में हैं कि आखिर कैसे बस्तर के जंगल व खेतों को इस लाल जहर से बचाया जाए। इसी गति से लाल मिटटी से जिले को पाटा जाता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब जैविक जिला के नाम से मशहूर इस जिले में किसान अपने खेत में अनाज का एक दाना भी उपजा पाएगा । यहां की सारी भूमि बंजर एवं बेजान हो चुकी होगी और उसके बाद सिर माथा पिटने के आलवा किसान और कुछ नहीं कर पाएगा।

## एक नजर

### भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा के जिला मंत्री बने विशेष सिंह



**गीदम, 18 फरवरी (तछसं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) दंतेवाड़ा के जिला मंत्री पद पर विशेष सिंह की नियुक्ति की गई है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति संगठन की मजबूती एवं युवा शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। विशेष सिंह लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।नवनियुक्त जिला मंत्री विशेष सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

### आत्मानंद स्कूल तोकापाल में दी गई आपदा प्रबंधन की सीख

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तोकापाल के प्रांगण में बुधवार को सुरक्षा और सजगता का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम द्वारा आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किसी भी आकस्मिक विपदा से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के विशेषज्ञों ने आपदा के समय धैर्य बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे हमारी छोटी सी सावधानी बड़े हादसों को टालने में सहायक सिद्ध हो सकती है। प्रदर्शन के दौरान जवानों ने बड़ी ही कुशलता के साथ प्राकृतिक आपदा की परिस्थितियों का सजीव चित्रण किया। विद्यार्थियों ने कौतूहल और उत्साह के साथ देखा कि कैसे घरेलू संसाधनों, जैसे कि खाली बोतलों, बांस और चादरों का उपयोग कर तात्कालिक लाइफ जैकेट और स्ट्रेचर तैयार किए जा सकते हैं। केवल प्रदर्शन ही नहीं बल्कि जवानों ने बच्चों को घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की विभिन्न तकनीकों और जीवन रक्षक सीपीआर विधि का व्यावहारिक ज्ञान भी साझा किया। मैदान में चली इस मॉक ड्रिल ने न केवल बच्चों को रोमांचित किया, बल्कि उन्हें संकट के समय फर्स्ट रिस्पॉन्डर बनने की प्रेरणा भी दी।

### चित्रकोट महोत्सव-2026 का गुरुवार को होगा समापन समारोह

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** विश्व प्रसिद्ध और एशिया के नियाग्रा के रूप में विख्यात चित्रकोट जलप्रपात के पावन तट पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव-2026 का भव्य समापन गुरुवार 19 फरवरी को होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस रजत जयंती वर्ष के महोत्सव का समापन समारोह शाम 05 बजे से प्रारंभ होगा। इस गरिमामयी संध्या में मुख्य अतिथि सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप होंगे, जबकि अध्यक्षता चित्रकोट के विधायक श्री विनायक गोयल करेंगे।समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदलपुर के विधायक श्री किरण सिंह देव अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उनके साथ ही बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप और जगदलपुर महापौर श्री संजय पाण्डे, छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रूपसिंह मंडावी, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, जगदलपुर नगर निगम सभापति श्री खेमसिंह देवांगन, जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा की अध्यक्ष श्रीमती पदमा लच्छूराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, योगेश बैज और स्थानीय सरपंच भंवर मौर्य सहित कई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेगी।

### पीएससी अभ्यर्थियों के लिए मोटिवेशन कार्यशाला में दिए गए टिप्स

**कांकेर, 18 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए मावा मोदोल सह सेंटर लाइब्रेरी कोचिंग केंद्र कांकेर में आज कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें पीएससी में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को जिले के कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित अन्य अतिथियों ने अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया और सफल होने के मंत्र बताए।

## बस्तर की बिहान दीदियां बना रहीं होली के लिए रंग



**जगदलपुर, 18 फरवरी।** बस्तर जिले में इस बार होली का त्यौहार न केवल रंगों भरा होगा, बल्कि सेहत और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित रहेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों के 9 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्रांतिकारी डेबरीधूर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में आयोजित इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में महिलाएं आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर गुलाल तैयार करना सीख रही हैं।

इस अनूठी पहल की सबसे खास बात यह है कि महिलाएं अपनी रसोई और बाड़ी में मिलने वाली प्राकृतिक वस्तुओं जैसे पालक, लाल भाजी, चुकंदर और फूलों का उपयोग कर सतरंगी गुलाल तैयार करेंगी। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों और गुलाल में अक्सर हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है, जो त्वचा में जलन, एलर्जी और आंखों को नुकसान पहुँचाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए बिहान की दीदियां कॉर्न फ्लावर के आधार (बेस) में चुकंदर और भाजी के अर्क को मिलाकर पूरी तरह चर्म-रोग मुक्त और इको-फ्रेंडली गुलाल का उत्पादन करेंगी।

प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं ने इस वर्ष 500 किलो से लेकर एक हजार किलो तक हर्बल गुलाल तैयार करने का लक्ष्य रखा है। उत्पादित गुलाल की पहुंच जन-जन तक बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जगदलपुर शहर के प्रमुख स्थानों और विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही जनपद स्तर के स्थानीय बाजारों में भी इस शुद्ध देशी गुलाल का विक्रय किया जाएगा। बिहान से जुड़ी इन महिलाओं के लिए यह केवल रंग बनाने का काम नहीं है, बल्कि यह उन्हें स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस प्रयास से न केवल बस्तर की महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि आम नागरिकों को भी रसायनों के खतरे से दूर एक सुरक्षित और खुशहाल होली मनाने का विकल्प मिलेगा।

## आयुष्मान और वय वंदन कार्ड के लिए 19 को महाअभियान

### जिले में शिविरों का होगा आयोजन

**जगदलपुर, 18 फरवरी ।** बस्तर जिले के नागरिकों को सुलभ और उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छूटे हुए हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं के दायरे में लाने के लिए एक विशाल महाअभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। इस अभियान का मुख्य केंद्र बिंदु विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंद कार्ड बनाना है, ताकि समाज के बुजुर्गों को जीवन के इस पड़ाव पर बेहतर चिकित्सा सुरक्षा मिल सके। इसी कड़ी में गुरूवार 19 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक पूरे जिले में शिविरों का आयोजन कर पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन ने नगर पालिक निगम जगदलपुर सहित तोकापाल, लोहण्डीगुड़ा, बास्तानार, दरभा और बकावण्ड जैसे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक एक व्यापक कार्ययोजना बिछाई है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ वार्ड वार शिविरों के माध्यम से एएनएम, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीमें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं, वहीं ग्रामीण अंचलों में पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रशासन ने इस कार्य की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदारों और जनपद सीईओ को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया है, जो जमीनी स्तर पर निरंतर प्रगति की निगरानी कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा इस मुहिम को और अधिक गति देने के लिए एक विस्तृत माइक्रो-प्लान और ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है। इसके तहत महत्वपूर्ण पंचायतों सहित पूरे विकासखंडों के गांवों में राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीमें मुस्तैद रहेंगी। अभियान की सफलता के लिए एक विशेष रणनीति के तहत सभी राशन दुकानों को अनिवार्य रूप से खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि राशन कार्ड के माध्यम से होने वाले सत्यापन की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। साथ ही कोटवारों को कहा गया है कि वे एक दिन पूर्व ही गांव-गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को इस महाअभियान की सूचना दें, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविरों तक पहुँच सकें।

तकनीकी बाधाओं से निपटने के लिए भी प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। यदि किसी पंजीकरण स्थल पर नेटवर्क की समस्या आती है, तो कर्मचारियों को तत्काल सुविधा अनुसार स्थान बदलकर कार्ड निर्माण जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## चश्मा वितरण किए जाने से अल्पदृष्टि बाधित बच्चे अब पढ़ सकेंगे पुस्तक



**कांकेर, 18 फरवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत 442 अल्पदृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। इन सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर कार्यरत बी.आर.पी. व स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से आंकलन शिविर के माध्यम से बच्चों का ऑखों का जांच कराकर बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। अब ये दिव्यांग बच्चे भी आसानी से पुस्तक पढ़ व लिख सकेंगे तथा अपना दैनिक जीवन के क्रियाकलाप आसानी से कर सकेंगें। चश्मा वितरण हेतु बच्चों के चयन के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का चिन्हांकन कर विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा आंखो की जांच किया जाकर चश्मा का नम्बर लिया गया। ऐसे बच्चे जिनके आंखों की जांच नहीं हो पाया, ऐसे अल्पदृष्टि बच्चों का जिला चिकित्सालय में जांच कराया गया तथा सभी पात्र बच्चों के लिए जिला प्रशासन व समग्र शिक्षा के माध्यम से चश्मा उपलब्ध कराया गया।

चश्मा पाकर खुशी जाहिर करते हुए भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्रा कु. सोनिका भण्डारी ने बताया कि मुझे पुस्तक पढ़ने-लिखने में बहुत परेशानी होती थी, अब चश्मा मिलने पर मैं आसानी से पुस्तक पढ़ व आसानी से लिख सकती हूँ, अभी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसी तरह छात्रा कु. कंचन ध्रुव, कु. संगीता नरेटी, कु. शिखा चौहान और भूपेन्द्र कठेले ने बताया कि अब चश्मा मिलने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है और अब आसानी से अपनी दैनिक जीवन का कार्य कर सकेंगे, इन सभी बच्चों के पालक एवं अभिभावक ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## उचित मूल्य दुकान आबंटित करने 6 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 18 फरवरी ।** जिले के विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत नवागांव की आश्रित ग्राम कोटनखोड़ में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ़ द्वारा इच्छुक पात्र एजेंसियों से 06 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), महिला स्व-सहायता समूह जिनका पंजीयन ग्राम पंचायत में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत होना चाहिए। साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव तथा समूह का कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायत नवागांव का होना चाहिए। इसी प्रकार वन सुरक्षा समिति एवं अन्य सहकारी समिति जिनका पंजीयन छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अथवा स्वायत सहकारिता के अधीन तीन माह पूर्व से पंजीकृत हो। ऐसे इच्छुक पात्र एजेंसी उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ़ में कार्यालयीन समय पर आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में किसी को दावा-आपत्ति हो तो वे 07 मार्च 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मेधावी दिव्यांग विद्यार्थियों की क्षितिज-अपार संभावनाएं योजनांतर्गत प्रावीण्य सूची जारी

**जगदलपुर, 18 फरवरी ।** राज्य शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित क्षितिज-अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की एकीकृत प्रावीण्य सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची का प्रकाशन कार्यालय जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर कर दिया गया है, ताकि संबंधित विद्यार्थी और उनके अभिभावक इसका सुगमता से अवलोकन कर सकें।इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विभाग ने किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि होने पर दावा-आपत्ति का अवसर भी प्रदान किया है। यदि किसी भी दिव्यांग छात्र या छात्रा को प्रकाशित की गई इस मेरिट सूची के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वे आगामी 25 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय के दौरान जिला पंचायत स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 20 फरवरी को बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायतों में लगेगी चौपाल

जगदलपुर, 18 फरवरी । जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन की एक बड़ी पहल के तौर पर 20 फरवरी को बकावण्ड विकासखंड के ग्राम पंचायतों में चैपाल लगाई जाएंगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आकाश छिकारा के द्वारा जारी आदेश के अनुसार आयुक्त बस्तर संभाग के निर्देशों के परिपालन में आगामी 20 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत बकावण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष निरीक्षण एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन के अधिकारियों को अलग-अलग पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें सुबह 10 बजे से अपने निर्धारित क्षेत्रों में उपस्थित रहकर अनिवार्य रूप से निरीक्षण कार्य प्रारंभ करना होगा।

अधिकारियों का यह दल प्रत्यक्ष रूप से आंगनबाड़ियों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, उचित मूल्य की दुकानों और निर्माणाधीन कार्यों का जायजा भी लेगा। इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता और हर घर नल-जल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण की इस प्रक्रिया के बाद दोपहर 2 बजे से अधिकारी पंचायत भवनों में ग्रामीणों के साथ सीधे रूबरू होंगे और उनकी शिकायतों व समस्याओं पर चर्चा करेंगे। सजगता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण के तुरंत बाद उसी दिन शाम 4 बजे जनपद मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं कलेक्टर करेंगे। इस महत्वपूर्ण अभियान की पूर्व सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए एक सप्ताह पहले से ही गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनजातीय आयोग के अध्यक्ष लेंगे 20 फरवरी को समीक्षा बैठक

**कांकेर, 18 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रूपसिंह मण्डावी की अध्यक्षता में 20 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाएगा।

## बस्तर सांसद ने गिनाई बजट 2026-27 की विशेषताएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 फरवरी।** बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने बजट को लेकर प्रेस वार्ता में देश के समग्र विकास, वित्तीय सुदृढ़ता, 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं, स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण, आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने तथा केंद्र सरकार के बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बस्तर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति भी साझा की।

सांसद कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट 2026-27 समावेशी एवं दूरदर्शी बजट है, जिसका उद्देश्य देश के संतुलित और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। यह बजट विशेष रूप से युवाओं, किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों तथा उद्यमियों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि कर अधोसंरचना विकास, औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन को गति दी गई है। स्वस्थ्य, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और बायोफार्मा जैसे उभरते क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाकर युवाओं के लिए नए अवसर सुनिश्चित किए गए हैं।सांसद ने बताया कि 16वां वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर केंद्र और राज्यों के बीच करों के न्यायसंगत बंटवारे की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्यों को केंद्रीय करों की शुद्ध प्राप्तियों में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखने का निर्णय सहकारी संघवाद की भावना को और मजबूत करेगा।उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच संसाधनों का क्षैतिज वितरण जनसंख्या, क्षेत्रफल, वन क्षेत्र, प्रति व्यक्ति आय और सकल घरेलू उत्पाद जैसे मानकों को ध्यान में रखकर किया गया है, जिससे न्यायोचित और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। छत्तीसगढ़ को भी कर वितरण एवं विभिन्न अनुदानों के माध्यम से पर्याप्त आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के लिए ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता प्रदान की गई है।सांसद श्री कश्यप ने कहा कि वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों को बड़े पैमाने पर अनुदान प्रदान किए जाएंगे। इन अनुदानों को मूल (बेसिक) और निष्पादन-आधारित (परफॉर्मेंस) घटकों में विभाजित किया गया है, ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर प्रदर्शन को बढ़ावा मिले।इन अनुदानों का उपयोग स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, शहरी अवसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के विकास में किया जाएगा। निधियों के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दुरुपयोग रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं।आपदा प्रबंधन के विषय में सांसद ने राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन निधियों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपदा से पूर्व तैयारी, त्वरित राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों को वित्तीय अनुशासन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, सब्सिडी के विवेकपूर्ण उपयोग और सार्वजनिक उपक्रमों में सुधार के माध्यम से आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दिया जाएगा।सांसद श्री महेश कश्यप ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। नई रेल लाइनों का निर्माण, रेलवे स्टेशनों का उन्नयन, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार और उड़ान योजना के तहत हवाई सेवाओं की शुरुआत से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है।स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नए मेडिकल कॉलेज, क्रिटिकल केयर ब्लॉक तथा पीएम श्री विद्यालय जैसी सुविधाओं को स्वीकृति मिली है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से बस्तर में विकास की रफ्तार तेज हुई है और आने वाले समय में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उनका लक्ष्य बस्तर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए युवाओं और किसानों को आगे बढ़ने का अवसर देना है। प्रेस वार्ता के अंत में सांसद श्री महेश कश्यप ने विश्वास व्यक्त किया कि इन सभी कदमों से देश में संतुलित विकास, ग्रामीण-शहरी समन्वय, पारदर्शी शासन और मजबूत आपदा प्रबंधन व्यवस्था स्थापित होगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जनहित में लिए गए निर्णयों को पारदर्शी रूप से जनता तक पहुंचाने और बस्तर के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान दंतेवाड़ा विधानसभा के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्या ओजस्वी मंडावी भाजपा जिला अध्यक्ष, संतोष गुप्ता, भाजपा उपाध्यक्ष पिंटू राम उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण महापात्र, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, जिला महामंत्री मुन्ना मरकाम, सांसद प्रतिनिधि जिला दंतेवाड़ा नवीन विश्वकर्मा जी, भाजपा जिला मंत्री, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, बारसूर नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक बाजपेई, भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश कश्यप, सह प्रभारी राजेश बोरबन, भाजपा शोशल मिडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर, सह प्रभारी नितेश अधिकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष जय, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, मंत्री डे नारायण, जनपद उपाध्याय रमेश गावड़े, भंसाली, स्वर्ण कड़ती, जे,डी बैरागी, खीरेंद्र ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष गौतम भाटी, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री अय्यूब खान राहुल सोनवानी सूरज ठाकुर, कामों कुंजाम, एवं जनप्रतिनिधि सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने अवैध तस्करी का किया भंडाफोड़, भारी मात्रा में खैर लकड़ी बरामद

## चांपा में गुप्त गोदाम पर छापा, पंजाब.हरियाणा तक फैला था तस्करी का नेटवर्क

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़ 18 फरवरी ।** जिला प्रशासन के निर्देश पर रायगढ़ वन विभाग ने खैर लकड़ी की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 16 फरवरी को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद रायग? वन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन पर उप वनमण्डलाधिकारी और उड़नदस्ते की टीम ने दबिश दी तस्करों में हड़कंप मच गया और वे लकड़ी से लदा ट्रक लेकर भागने लगे। वन विभाग की सतर्कता के चलते चंद्रपुर मार्ग पर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी.06 2022 को पकड़ लिया गया। गिरोह के सदस्यों की मदद से



चालक एक बार फरार होने में सफल रहाए लेकिन बाद में छानबीन के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपी चालक और उसके साथी मेलाराम ने बताया कि गिरोह आसपास के जंगलों से खैर की बेशकीमती लकड़ी काटकर सहसपुरी में डंप करता था। इसके बाद लकड़ी को चांपा स्थित मनीष अग्रवाल के एक गुप्त गोदाम में भेजा जाता था। रात लगभग एक बजे रायगढ़ की टीम ने तस्करों का पीछा करते हुए चांपा के अकलतरा भांटा क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। चांपा वन विभाग के सहयोग से की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में खैर की लक?ी बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के तार अन्य राज्यों से जुड़े हुए हैं। रायगढ़ और चांपा को केंद्र बनाकर तस्कर को ऊंचे दामों पर पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में खपाते थे। इस पूरे ऑपरेशन में उप वनमण्डलाधिकारी श्री तन्मय कौशिक वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकडा और उड़नदस्ता प्रभारी श्री संदीप नामदेव की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि जिले में कहीं अवैध वन अपराध की घटना हो तो मोबा नंबर 99263.21401 एवं टोल फ्री नंबर 1800.233.2631 पर संपर्क कर अवश्य जानकारी दें।

## एक नजर

### प्रतियोगी परीक्षाओं और जन-कल्याणकारी योजनाओं का सशक्त मार्गदर्शक 'जनमन' पत्रिका



**रायगढ़, 18 फरवरी।** शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने और युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए सशक्त बनाने में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित 'जनमन' पत्रिका एक विश्वसनीय और प्रेरणादायी माध्यम के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह पत्रिका न केवल शासन की नीतियों और उपलब्धियों का प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करती है, बल्कि आम नागरिकों और युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य भी कर रही है।रायगढ़ निवासी श्री पवन सिंह ठाकुर इस पत्रिका के नियमित पाठक हैं। वे प्रतिमाह जिला जनसंपर्क कार्यालय, रायगढ़ से 'जनमन पत्रिका' प्राप्त करते हैं और बताते हैं कि इस पत्रिका ने उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की स्पष्ट एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई है। उनके अनुसार, इस पत्रिका में योजनाओं की पात्रता, प्रक्रिया और उद्देश्य का सरल भाषा में विवरण दिया जाता है। इसे पढ़कर उन्होंने कई योजनाओं का लाभ उठाया है। यह न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली को समझने का सबसे सहज माध्यम भी है। 'जनमन' की विशेषता केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है। यह पत्रिका प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसमें राज्य के विकास कार्यों, सांस्कृतिक विरासत, प्रशासनिक पहलों तथा समसामयिक विषयों का संतुलित और तथ्यपरक प्रस्तुतीकरण होता है।

### सड़क दुर्घटना राहत के लिए पीएम कैशलेस और राहवीर योजना पर दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़, 18 फरवरी ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर सोमवार को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राहत कैशलेस उपचार योजना और राहवीर योजना के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के तकनीकी निदेशक श्री अरविंद यादव ने किया।

प्रशिक्षण में प्रधानमंत्री राहत कैशलेस उपचार योजना के उद्देश्य और प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। योजना का मुख्य लक्ष्य है सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के भीतर त्वरित और निर्बाध चिकित्सा सुविधा प्रदान करना। इसके तहत पीड़ितों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में आर्थिक बाधा न आए और गंभीर स्थिति में भी मरीज को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सके। योजना के डिजिटल क्रियान्वयन में डेटा प्रबंधन, सत्यापन और उपचार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी, 1 अप्रैल अंतिम तिथि

**रायगढ़, 18 फरवरी ।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर पुरुष जनरल तकनीकी लिपिक स्टोरकीपर ट्रेडमैन दसवीं एवं आठवीं उत्तीर्ण तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस सहित स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंटए नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का निर्देश, नरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी निर्माण 15 मार्च तक पूर्ण करें

**धमतरी, 18 फरवरी ।** बाल शिक्षा और सर्वांगीण विकास की दिशा में धमतरी जिले की अभिनव पहल अब पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक बन गई है। जिले में सफलतापूर्वक लागू किए गए BaLA (Building as Learning Aid) कॉन्सेप्ट को अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निर्मित एवं निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी भवनों में BaLA कॉन्सेप्ट को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वीबी जी राम जी अधिनियम का व्यापक आईईसी अभियान जारी



**रायगढ़, 18 फरवरी।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जन.जागरूकता के लिए व्यापक आईईसी अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 07 विकासखंडों की 550 ग्राम पंचायतों में यह जनसंवाद कार्यक्रम लगातार जारी है।

अभियान का उद्देश्य अधिनियम की वैधानिक विशेषताओंए 125 दिन की रोजगार गारंटीए समय भुगतान डीबीटी प्रणाली और बेरोजगारी भत्ते जैसी महत्वपूर्ण प्रावधानों की स्पष्ट एवं संरचित जानकारी प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक पहुंचाना हैए ताकि अधिकारों के प्रति सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। 26 जनवरी से प्रारंभ हुए इस अभियान के प्रथम तीन चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह ष्श्रम बनाम तथ्यष् जिसमें मीडिया संवाद और तथ्य पत्रों के माध्यम से 125 दिन की वैधानिक गारंटी विलंबित भुगतान और डिजिटल भुगतान प्रणाली पर स्पष्टता दी गई। वहीं द्वितीय सप्ताह.ष्अधिकार संरक्षण संकल्पष् में ग्राम स्तर पर ष्समय पर कामए पूरा भुगतान की सामूहिक शपथ दिलाई गई जिससे ग्रामीणों में अधिकारों के प्रति विश्वास बढ़ा। इसी तरह तृतीय सप्ताह विकसित भारत ग्राम संवाद में चौपाल और ग्राम सभाओं के माध्यम से कार्य योजना निर्माण और बेरोजगारी भत्ते जैसे विषयों पर सीधा संवाद स्थापित किया गया।अब चौथे सप्ताह 16 से 22 फरवरी तक ष्अहिंसा से अधिकारष् थीम पर विशेष गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। विद्यालयों में महात्मा गांधी जी और विकति भारत के गांव विषय पर पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैंए जिससे नई पीढ़ी को ग्रामीण विकास की अवधारणा से जोड़ा जा सके। साथ ही पंचायत स्तर पर ष्रोजगार अधिकार जागरूकता यात्रा् निकाली जा रही हैए जिसमें सरपंच पंच, स्वयं सहायता समूहए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और श्रमिक सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।


**125 दिन रोजगार गारंटी से आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ा रायगढ़**

वीबी जी राम जी अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं में प्रति परिवार 125 दिन का रोजगारए 60 दिन का कृषि अवकाशए 60:40 के अनुपात में केंद्र राज्य फंडिंग पूर्वोत्तर राज्यों हेतु 90:10 साप्ताहिक भुगतान व्यवस्थाए 15 दिनों में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और बायोमेट्रिक हाजिरी सहित एआई आधारित डिजिटल पारदर्शिता शामिल है। ग्राम पंचायत भवनों में आयोजित समापन सभाओं में ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माणए आजीविका सुदृढ़ीकरण और आर्थिक स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को अपने 125 दिन के वैधानिक रोजगार अधिकार की पूरी जानकारी हो और जिला स्तर से ग्राम स्तर तक पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रणाली विकसित हो सके। अहिंसा से अधिकार के संदेश के साथ रायगढ़ अब विकसित और आत्मनिर्भर ग्राम व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है।

# क्लब फुट का समय पर इलाज बना बच्चों के लिए वरदान, पोंसेटी तकनीक से मिल रही नई जिंदगी

**रायगढ़, 18 फरवरी।** प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। किरो?ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में अब तक 260 से अधिक बच्चों को जन्मजात क्लब फुट बीमारी से सफलतापूर्वक निजात दिलाई गई हैए जिससे वे जीवनभर की संभावित दिव्यांगता से बच सके हैं।

यह उपलब्धि सिविल सर्जन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉण् दिनेश पटेल के मार्गदर्शन तथा अस्थि रोग विभाग के मुख्य चिकित्सक डॉण् राजकुमार गुप्ताए डॉण् विमल नायक और फिजियोथैरेपिस्ट डॉण् सिद्धार्थ सिन्हा की समर्पित टीम के प्रयासों से संभव हो पाई है।क्लब फुट एक जन्मजात ;जन्म से मौजूदद्ध पैर की विकृति हैए जिसमें बच्चे का पैर सामान्य स्थिति में न होकर अंदर की ओर मु?ा हुआ या नीचे की तरफझुका हुआ होता है। इस स्थिति में बच्चा पैर को सीधा नहीं रख पाता। चिकित्सकीय भाषा में इसे कॉनजेनिटल टैलिपीस इक्विनोवेरस ;सीटीईवीद्ध कहा जाता है। यदि समय पर उपचार न मिले तो बच्चे को



चलने.फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना प? सकता है।

### क्लब फुट के प्रमुख लक्षण

क्लब फुट से ग्रसित बच्चों में पैर अंदर की ओर मुडा हुआ दिखाई देता है। एड़ी ऊपर उठी हुई या सामान्य से छोटी प्रतीत हो सकती है। पैर का तलवा सामान्य दिशा से अलग होता है तथा प्रभावित पैर का आकार दूसरे पैर की तुलना में छोटा दिख सकता है। बिना इलाज के बच्चा चलने में असहजता और कठिनाई महसूस करता है। अधिकांश मामलों में इसका सटीक कारण स्पष्ट नहीं होताए लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार गर्भावस्था के दौरान भ्रुण की स्थितिए आनुवंशिक कारण ;परिवार में पहले से किसी को यह समस्या होनाद्ध तथा मांसपेशियों या नसों के असामान्य विकास जैसे कारक इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि क्लब फुट का इलाज जन्म के तुरंत बाद शुरू कर दिया जाए तो इसके परिणाम अत्यंत सकारात्मक होते हैं। समय पर उपचार मिलने पर अधिकांश बच्चे सामान्य रूप से चल.फिर सकते हैं और उनका पैर लगभग सामान्य दिखाई देने लगता है।

### पोंसेटी मेथडः सबसे प्रभावी उपचार

क्लब फुट के उपचार में पोंसेटी तकनीक को विश्वभर में सुरक्षित और प्रभावी पद्धति माना जाता है। इस प्रक्रिया में पैर को धीरे.धीरे सही स्थिति में लाया जाता है और क्रमिक रूप से प्लास्टर कास्ट लगाए जाते हैं। उपचार की चरणबद्ध प्रक्रिया अनुसार प्रारंभिक मूल्यांकन में जन्म के बाद पहले 1.2 सप्ताह के भीतर बच्चे के पैर की स्थितिए कठोरता और विकृति की जांच कर उपचार शुरू किया जाता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई:कलेक्टर

**धमतरी, 18 फरवरी ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों एवं योजनाओं के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, उद्योग, शहरी विकास एवं अवसंरचना सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में लक्ष्यानुरूप, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी जिला स्तरीय अधिकारी सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट करें, विभागीय योजनाओं और कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन का मूल्यांकन विभागीय लक्ष्य और उपलब्धि के आधार पर किया जाएगा। साथ ही सभी विभागीय खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी दुर्घटना होने पर तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं एम्बुलेंस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयुष्मान योजना अंतर्गत चिन्हित सभी अस्पतालों में योजना संबंधी जानकारी का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, टीबी एवं कुष्ठ नियंत्रण, सिकलसेल सपोर्ट, एनीमिया उन्मूलन, अधोसंरचना विकास एवं विशेष स्वास्थ्य शिविरों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। आदिवासी कल्याण योजनाओं के तहत सक्षम योजना, छात्रावास उन्नयन, धरती आबा अभियान, पीएम-जनमन एवं आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों को तेज गति से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने हेतु विकासखंड एवं निकाय स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही प्राप्त आवेदनों, इंस्टॉलेशन, ऋण, सब्सिडी एवं वेंडर समन्वय में तेजी लाने को कहा गया। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना, सौर सुजला योजना, सोलर विलेज, नेट मीटरिंग एवं सोलर हाई मास्ट जैसी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने निगम क्षेत्र में चौक-चौराहों एवं मकई गार्डन के सौंदर्यीकरण, सड़क एवं बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निर्वाचन संबंधी एसआईआर कार्य में डेटा मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति ऋण योजना के लिए ग्राम चटौद में 20 फरवरी को शिविर

**धमतरी, 18 फरवरी ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या., धमतरी द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति ऋण (पीएम अजय) योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चटौद में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा।मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत अधिकतम 1 लाख रुपये तक ऋण स्वीकृत किया जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 50 हजार रुपये) का प्रावधान है। योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र आवेदकों को दिया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन का एक दिवसीय लाइसेंस पंजीयन शिविर 26 फरवरी को

**रायगढ़, 18 फरवरी।** खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 फरवरी गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन सिंधी पंचायती धर्मशाला बेलादुला रोडए बीएसएनएल ऑफिस के सामनेए रायगढ़ में किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य जिले के सभी थोक, फुटकर, वितरक, विनिर्माता, ठेला गुमटी एवं अन्य छोटे-बड़े खाद्य कारोबारियों को पंजीयन और लाइसेंस प्रक्रिया से जोड़ना है।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कई खाद्य व्यवसायी पर्याप्त जानकारी के अभाव में ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे सभी व्यापारियों को इस शिविर के माध्यम से ऑन.द.स्पॉट मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। शिविर में उपस्थित अधिकारी पात्र आवेदकों का खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग करेंगेए जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या दंड से बचा जा सके।ये दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य-शिविर में भाग लेने वाले खाद्य कारोबारियों को निम्नलिखित दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है. जैसे पहचान पत्र की छायाप्रति आधार कार्ड एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं फर्म का पता प्रमाण बिजली बिल या रेंट एग्रीमेंट आवश्यक है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के सभी संबंधित कारोबारियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने प्रतिष्ठान का वैध पंजीयन लाइसेंस सुनिश्चित करें और सुरक्षित व मानक खाद्य व्यवस्था में अपना योगदान दें।

### कुरूद कृषि महाविद्यालय में मोरिंगा आधारित परियोजना स्वीकृत, किसानों की आय व पोषण सुरक्षा को मिलेगा बल

**धमतरी, 18 फरवरी ।** जिले के किसानों की आय वृद्धि एवं पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर द्वारा मोरिंगा (सहजन) की खेती, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि÷ विषयक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद में संचालित होगी, जो इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध है।परियोजना का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष प्रधान (प्रधान अन्वेषक) द्वारा किया जाएगा। एक वर्ष की अवधि वाली इस परियोजना का क्रियान्वयन प्रौद्योगिकी ग्राम केंद्र सिर्री (जिला धमतरी) एवं प्रौद्योगिकी ग्राम केंद्र रामपुर (जिला कबीरधाम) में किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर लगभग 50 किसानों को प्रशिक्षण देकर प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया जाएगा।आय वृद्धि और पोषण सुरक्षा पर विशेष फोकस-परियोजना के अंतर्गत किसानों को मोरिंगा की उन्नत उत्पादन तकनीक, नर्सरी प्रबंधन, वैज्ञानिक कटाई एवं भंडारण पद्धतियों तथा मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मोरिंगा से तैयार पाउडर, न्यूट्रीशन सप्लीमेंट, चाय, खाद्य पूरक एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों की जानकारी देकर किसानों को अतिरिक्त आय के स्रोत उपलब्ध कराने की योजना है।मोरिंगा को चमत्कारी पौधा कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम एवं विटामिन पाए जाते हैं। कम लागत और न्यून जोखिम वाली यह फसल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों के लिए टिकाऊ विकल्प सिद्ध हो सकती है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण उन्मूलन, महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी तथा युवाओं के लिए सूक्ष्म उद्यमिता के अवसरों को भी बढ़ावा देगी।

### कैम्पस प्लेसमेंट एवं एप्रेंटिसशिप ड्राइव 20 फरवरी को

**धमतरी, 18 फरवरी ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव (धमतरी) में पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए आगामी 20 फरवरी को प्लेसमेंट ड्राईव एवं एप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसमें व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमेन, शीट मैटल, इलेक्ट्रिक मैकेनिक, सीओई आटोमोबाईल एवं सभी इंजीनियरिंग व्यवसाय के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी दसवीं, आईटीआई अंकसूची, आईडी प्रुफ, मूल कापी व छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नियत तिथि को सुबह 10 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव में उपस्थित होना सुनिश्चित किा जाए।

### दिव्यांगजनों को मिली नई राह- सांसद भोजराज नाग ने ट्राइसाइकिल वितरित कर बढ़ाया आत्मविश्वास

**धमतरी, 18 फरवरी ।** सांसद श्री भोजराज नाग ने बीते दिन कलेक्टोरेट में जिले के दो दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित कर उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, जनप्रतिनिधि श्री हरख जैन, श्री वीरेंद्र साहू सहित समाज कल्याण विभाग की उप संचालक डॉ. मनीषा पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि नगर पंचायत भखारा निवासी श्री चंद्रहास साहू (55 प्रतिशत अस्थिबाधित) तथा अधारी नवागांव, धमतरी निवासी श्री शिवकुमार नवरंग (80 प्रतिशत अस्थिबाधित) को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।चंद्रहास साहू ने बताया कि उन्हें शारीरिक दिव्यांगता के कारण आवागमन और रोजगार में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब शासन की सहायता से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने कार्य स्वयं करने में सक्षम हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भखारा विकास योजना 2041 पर समिति की अहम बैठक, समग्र विकास का खाका तैयार

**धमतरी, 18 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा तैयार किए जा रहे भखारा विकास योजना (प्रारूप) 2041 के संबंध में गठित समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने की। इस अवसर पर सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र श्री भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद अध्यक्ष कुरूद श्रीमती गीतेश्वरी साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री हरखलाल जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, भखारा निवेश क्षेत्र में सम्मिलित ग्रामों के सरपंच, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोलर नल-जल योजना से कुमा गांव में पहुंच रहा हर घर स्वच्छ पेयजल

**रायगढ़, 18 फरवरी।** रायगढ़ के विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कुमा आज ग्रामीण परिवर्तन की एक सशक्त मिसाल बनकर उभरा है। जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर बसे इस गांव में कभी पानी की समस्या जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष थी। आज वही गांव जल जीवन मिशन के तहत स्थापित सोलर नल-जल योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है।

कुछ वर्ष पहले तक ग्राम कुमा में जल संकट सामान्य बात थी। महिलाएं सुबह से लेकर दोपहर तक हैंडपंपों के पास कतार में खड़ी दिखाई देती थीं। गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। कई बार पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। इस दैनिक संघर्ष ने महिलाओं का समय, श्रम और ऊर्जा छीन



ली थी। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और परिवार के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता था। गांव के जीवन की रफ्तार पानी की उपलब्धता पर निर्भर थी और यही सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी। परिवर्तन की यह कहानी तब शुरू हुई जब जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कुमा में सौर ऊर्जा आधारित नल-जल प्रदाय प्रणाली स्थापित की गई। गांव में लगाए गए सोलर पैनलों से संचालित पंप के माध्यम से जल को ऊंची टंकी तक पहुंचाया जाता है और वहां से पाइपलाइन द्वारा प्रत्येक घर तक नियमित जल आपूर्ति की जाती है। यह व्यवस्था बिजली पर निर्भर नहीं है, इसलिए बिजली कटौती का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पर्यावरण के अनुकूल यह प्रणाली न्यूनतम रखरखाव में दीर्घकालिक समाधान प्रदान कर रही है।

अब हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है, जिससे गांव की जीवनशैली में स्थायी परिवर्तन आया है। ग्राम की हितग्राही श्रीमती देवमति बताती हैं कि पहले प्रतिदिन दो से तीन घंटे पानी लाने में व्यतीत हो जाते थे। उस समय वे न तो बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे पाती थीं और न ही स्वयं के विकास के लिए समय निकाल पाती थीं। अब घर पर ही नल से नियमित जल आपूर्ति होने से उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। वे अपने बच्चों की शिक्षा पर अधिक समय दे रही हैं, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता बढ़ी है। स्वच्छ पेयजल मिलने से परिवार का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और जलजनित बीमारियों में कमी आई है। देवमति गर्व से कहती हैं, अब हमें पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। घर पर ही स्वच्छ पानी मिलने से हमारा जीवन सरल और सुरक्षित हो गया है।पानी लाने की बाध्यता समाप्त होने से महिलाओं को समय की स्वतंत्रता मिली है। यह समय अब आयवर्धक गतिविधियों और सामाजिक भागीदारी में लगाया जा रहा है। महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे निर्णय प्रक्रिया में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह परिवर्तन केवल सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सम्मान और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और घरों में शौचालय उपयोग को भी प्रोत्साहन मिला है। ग्राम स्तर पर जल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जो इस प्रणाली के रखरखाव और निगरानी की जिम्मेदारी संभाल रही है। इससे ग्रामीणों में जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित हुई है। आज ग्राम कुमा केवल एक गांव नहीं, बल्कि प्रेरणा का प्रतीक है। यहां बहता स्वच्छ जल केवल प्यास नहीं बुझा रहा, बल्कि विकास, आत्मसम्मान और उज्ज्वल भविष्य की नई धारा प्रवाहित कर रहा है।

# पर्यटन स्थलों के विकास और सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम साय



रायपुर, 18 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बैकुंठपुर स्थित प्रसिद्ध झुमका पर्यटन स्थल में निर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने झुमका जलाशय में बोटिंग करते हुए क्षेत्र के मनोहारी प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया तथा यहां विकसित की गई पर्यटन सुविधाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने झुमका जलाशय में शिकारा पर सवार होकर नौका विहार किया। चारों ओर हरियाली, शांत जलराशि और कमल के फूलों से सजा यह रमणीय स्थल अब एक आकर्षक पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स सहित विकसित पर्यटन गतिविधियों की जानकारी ली और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने लगभग 27 लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया।500 दर्शकों की बैठक क्षमता वाला यह ओपन थिएटर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि झुमका जलाशय केवल कोरिया जिले की पहचान ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटकों की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा स्थानीय युवाओं को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े, संभागायुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल




रायपुर, 18 फरवरी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडियाक्कएआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वे लीडर्स प्लेनरी सत्र में शामिल हुए और शासन-प्रशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग पर विशेष रुचि दिखाई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सम्मेलन के दौरान एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली विकसित करने के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के सफ्ल उपयोग के उदाहरणों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का द्वार भारत को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह शिखर सम्मेलन भारत द्वारा ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है, जिसमें अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय भागीदारी देखने को मिली है। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों, 60 मंत्रियों और 500 से अधिक वैश्विक एआई नेताओं की उपस्थिति इस आयोजन की महत्ता को दर्शाती है।

श्री शर्मा ने बताया कि नीति-निर्माताओं, प्रौद्योगिकी कंपनियों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर यह सम्मेलन इंडियाएआई मिशन और डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत वैश्विक एआई विमर्श को ठोस एवं क्रियान्वयन योग्य विकास परिणामों में परिवर्तित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने समिट के प्रति वैश्विक उत्साह को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि 700 से अधिक प्रस्तावों की प्राप्ति इस बात का प्रमाण है कि पूरा विश्व भारत की एआई पहल को उत्साह से देख रहा है और सहयोग के लिए आगे आ रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि तकनीक संचालित प्रशासन ही भविष्य की आवश्यकता है और छत्तीसगढ़ सरकार डिजिटल नवाचारों को अपनाकर सुशासन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए राज्य में एआई आधारित समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने वैश्विक विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। उनका मानना है कि एआई का समुचित उपयोग ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बना सकता है।

समिट में छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के स्टाल का भी अवलोकन किया। जहां इन्वेस्टमेंट कमिश्नर रितु सेन उनके दल द्वारा राज्य के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े नवाचारों को प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने स्टाल का अवलोकन कर युवाओं के दल का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर डीआरडीओ के स्टाल पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफ्न प्रिजनर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग में तकनीक की भूमिका तथा विकासशील राज्यों में नवाचार आधारित समाधानों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

## एक नजर

### सट्टा पट्टी लिखने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई




डोंगरगढ़ 18 फरवरी। पुलिस को 16 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि रेहान अहमद कश्मीरी पारा डोंगरगढ़ अपने घर के बगल गली में सट्टा-पट्टी लिख रहा है। मुखबिर की सूचना पर आरोपी रेहान अहमद को अंकों के सामने रुपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा-पट्टी, एक नग डॉट पेन, नगदी रकम 1020/- रुपये एवं एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 5000/- रुपये कुल जुमला कीमत 6020/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतोष जायसवाल, उप निरीक्षक रमेश्वरी बघेल, आरक्षक राम खिलावन एवं किशन कुमार चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा। थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर, नाकाबंदी की कार्यवाही कर एवं होटल/ढाबा/लॉज चेक कर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है।

### एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी आज रायपुर में



भाटापारा 18 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ सिक्ख पंथ की सर्वोच्च संस्था अमृतसर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष, एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी को छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा पुष्प देकर मुलाकात कर स्वागत सत्कार किया गया एवं सिख समाज द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया छत्तीसगढ़ की सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, सामाजिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ में चल रही सिक्ख समाज की गतिविधियों पर चर्चा की गई इसके बाद वे बिलासपुर रोड पर रावांभाठा में निर्मित भव्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे का उद्घाटन करने पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के मार्गदर्शन में भव्य गुरमत संगीत विद्यालय का भी यहां शुभारंभ होगा।इस पूरे कार्यक्रम में अमृतसर से एसजीपीसी की धर्म प्रचार कमेटी के सचिव सरदार बलविंदर सिंह काहलवां और ओएसडी सतबीर सिंह, सिक्ख समाज के गणमान्यजन व सभी गुरुद्वारों के प्रधान प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। गुरुद्वारे के उद्घाटन उपरांत श्री धामी जी जहां वे सिक्ख पंथ की गतिविधियों एवं विकास परक योजनाओं पर चर्चा कर अपना मार्गदर्शन देंगे।

### केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने की 11 जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरें अनुमोदित

रायपुर, 18 फरवरी। छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करते हुए केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 11 जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप राजनांदगांव, बस्तर, कबीरधाम, जशपुर, मुंगेली, कांकेर, कोण्डागांव, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।

# सिंधी समाज सनातन धर्म व राष्ट्रहित में बढ़ाएगा दायित्व, 22 फरवरी को सिंधु पैलेस में विशाल सभा



रायपुर, 18 फरवरी। मसन्द सेवाश्रम के तत्वावधान में सनातन धर्म, राष्ट्र एवं सार्वजनिक कल्याण के क्षेत्र में सिंधी समाज की भूमिका को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 22 फरवरी को शाम 5 बजे शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में रायपुर की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों एवं समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों की विशाल सभा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में नगर की 12 विशिष्ट सिंधी विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा उपस्थित रहेंगे।

मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साई जलकुमार मसन्द साहब ने बताया कि सिंधु घाटी की प्राचीन सभ्यता विश्व में अपनी कल्याणकारी जीवन शैली के लिए विख्यात रही है। सिंधी समाज ने सदैव सनातन धर्म, राष्ट्र और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि समाज की गौरवशाली परंपरा को पुनः स्थापित करने के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे तथा समाज को भारत के चारों पूज्य शंकराचार्यों के मार्गदर्शन से जोड़े रखने का प्रयास होगा। उन्होंने जानकारी दी कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संगठन ÷परम धर्म संसद 1008÷ में संगठन मंत्री के रूप में सक्रिय हैं और बीते 13 वर्षों से विभिन्न संतों के सहयोग से सनातन वैदिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार का अभियान चला रहे हैं। उनके अनुसार, पिछले चार वर्षों में किए गए प्रयासों से देश-विदेश में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। कार्यक्रम की स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयाणी, सहअध्यक्ष अमरलाल गिदवाणी तथा संयोजक भरत बजाज ने संयुक्त रूप से समाज के वरिष्ठ, युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में सभा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म और राष्ट्रहित में सामूहिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

# बोर्ड परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई मुखर, शिक्षा मंत्री के नाम बीईओ को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अम्बागढ़ चौकी 18 फरवरी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई बेतहाशा वृद्धि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड परीक्षा शुल्क को 460 से बढ़ाकर 800 और नामांकन शुल्क को 80 से बढ़ाकर 200 , व अनियमित छात्रों का 1200 का 2000 करना गरीब व मध्यमवर्गीय छात्रों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।भाजपा सरकार की छात्र विरोधी सोच के खिलाफ ह्स्द्ब का हल्ला बोल! बोर्ड परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि के विरोध में आज एनएसयूआई जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आवाहन पर व जिला अध्यक्ष मनीष साहू के नेतृत्व पर अम्बागढ़ चौकी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के उपस्तिथि में कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी (ब्क्श्वह्र) के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर बढ़ी हुई फीस तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### छात्रों पर आर्थिक बोझ डाल रही सरकार-मनीष साहू

ज्ञापन सौंपते हुए ह्स्द्ब जिला अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि शिक्षा मण्डल द्वारा परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि पूरी तरह से अनुचित और अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा, ÷छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और गरीब परिवारों के लिए यह शुल्क चुकाना मुश्किल हो रहा है। शिक्षा को सुलभ बनाने के बजाय सरकार छात्रों पर आर्थिक बोझ डाल रही है, जिससे विद्यार्थियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है।

एनएसयूआई ने अपनी मांगों में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं को रेखांकित किया है

**गरीब विरोधी निर्णय:** अचानक की गई वृद्धि मध्यमवर्गीय और ग्रामीण अंचल के छात्रों की पहुंच से बाहर है। शिक्षा का अधिकार प्रभावितः आर्थिक तंगी के कारण कई विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

यदि शासन ने इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया, तो ह्स्द्ब छात्र हितों के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष झरनेश कुंभकार ह्स्द्ब के जिलाअध्यक्ष मनीष साहू ,जिला उपाअध्यक्ष महेंद्र कुंभकार , संगठन प्रभारी योगेंद्र रामटेके ,जिला महासचिव जुनैद खान ,गोपीचंद सिन्हा , हिमांशु मेश्राम , विजय यादव ,सोनू कुरैशी ,साहिर ,कुरैशी ,सोरभ मिलिंद , सहित बड़ी संख्या में छात्र व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए शुल्क वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# 'विकसित छत्तीसगढ़' की दिशा में बड़ा कदम- शिक्षा, कौशल और रोजगार पर मंथन के लिए 'शिक्षा संवाद'

रायपुर, 18 फरवरी। राज्य में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के बेहतर समन्वय को लेकर आज 'शिक्षा संवाद' का आयोजन रायपुर के स्थानीय होटल में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं की भागीदारी रही। उच्च शिक्षा विभाग और आईआईटी मद्रास और लिंकन युनिवर्सिटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन,आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन, सीईओ इलेट्स डॉ. रवि गुप्ता, डायरेक्टर आई.सी.एफए.आई.श्री सुधाकर राव,हाइ कमिश्नर ऑफ सैशेल्स एच. ई. हरिसोया लालटीआना सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति,रजिस्ट्रार, प्रोफेसर उपस्थित थे।

विकसित छत्तीसगढ़ के लिए शिक्षा, कौशल और रोजगार का सेतु, थीम पर आधारित सत्र में उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रमों के समायोजन और क्षेत्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर विशेष चर्चा हुई। आयोजन का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को उद्योग की जरूरतों से जोड़ते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करना है। विभिन्न सत्रों में नई शिक्षा नीति, कौशल उन्नयन, उद्योग-शिक्षा साझेदारी, स्टार्टअप अवसर और भविष्य की रोजगार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के संवाद से राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और युवाओं की रोजगार क्षमता दोनों में सकारात्मक बदलाव आएगा। 'शिक्षा संवाद' को छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक और औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

'शिक्षा संवाद' के दूसरे चरण में उच्च शिक्षा को डिजिटल, उद्योगोन्मुख और शोध आधारित बनाने पर गहन मंथन हुआ।

# रेल्वे के प्रसिद्ध मूर्तिकार अशोक देवांगन का सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया सम्मान



रायपुर 18 फरवरी। रेल्वे के प्रसिद्ध मूर्तिकार अशोक देवांगन का सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया सम्मान। कल डीआरएम ऑफिस रायपुर में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश , डीआरएम श्री दयानन्द व समस्त रेल्वे के अधिकारियों के साथ स्थानीय सांसदो की वार्षिक बैठक हुई । श्री अशोक देवांगन के द्वारा बनाई कलाकृति (स्टीम इंजन माडल) को समस्त अतिथियों को भेट की गयी व उनके रेल्वे परिक्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कलाकृति निर्माण के लिए उनका सम्मान सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो की श्री देवांगन रेल्वे के अनुपयोगी स्क्रैप से विगत 17 वर्षो से पुरे भारतीय रेल्वे के विभिन्न कारखानों में सैकड़ों कलाकृति बना चुके हैं ,जिसमें इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, कुतुबमीनार, ताजमहल , मेक इन इंडिया का शेर,भगवान बुद्ध, गणेश, माँ दुर्गा, विश्व कर्मा जी की प्रतिमा बना चूके है उनकी कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी नामांकित किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 185581/ निविदा सूचना क्र. 19/वलेलि/2025-26, राजनांदगांव, दिनांक 16.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **09.03.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम**- राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की भण्डारी भरदा जलाशय का आर.बी.सी. नहर आर.डी. 3180 मी. से 4770 मी. तक सीमेंट कांक्रीट नहर लाईनिंग कार्य (शेष कार्य)

अनुमानित लागत -**रू. 62.50 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **23.02.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-252606734/5

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक श्याम सुंदर अग्रवाल पिता श्री रामनारायण अग्रवाल निवासी ग्राम गुढ़ियारी रायपुर के द्वारा ग्राम देवकर प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा में स्थित वाद भूमि ख.न. 1186 रकबा 0.1000 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.1000 हे. भूमि आवेदक के मामा शेष नारायण पिता बाबूराम एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से भूमि स्वामी मद में दर्ज है। तो शेषनारायण पिता बाबूराम अग्रवाल ने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा दिनांक 12/06/2024 के माध्यम से अपने हिस्से की भूमि को अपने भांजा श्याम सुंदर अग्रवाल को प्रदान किए है। शेषनारायण पिता बाबूराम अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 20/06/2024 को हो चुकी है। तो उसके स्थान पर उनके भांजा आवेदक श्याम सुंदर अग्रवाल के नाम पर फौती नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक के द्वारा अपने आवेदन के साथ बी-1, एवं आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक :- 11/02/.2026**
**नियत दिनांक :- 23/02/2026**

तहसीलदार
मुहर देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

विधानसभा के ग्राम टोनाटार,मेकरी,गणेशपुर,झिरिया व बैकोनी में

# विधायक इंद्र साव ने सीसी रोड,सतनाम भवन का भूमिपूजन किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा 18 फरवरी। विधानसभा के ग्राम टोनाटार, मेकरी, गणेशपुर, झिरिया एवं बैकोनी में सी.सी. रोड़ एवं सतनाम भवन का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव ने किया और उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता प्रत्येक गांव का विकास करना है और यही कारण है कि वे लगातार विधानसभा चुनाव के बाद से ग्रामीण क्षेत्र का नियमित दौरा कर रहे है।

विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांव में विकास कार्यो का भूमि पूजन करते हुए कहा कि वे बिना भेद-भाव किए दलगत राजनीति से हटकर विकास कार्य को प्राथमिकता दे रहे है। सरकार नहीं होने के बावजूद वे अपने लक्ष्य के अनुसार गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है और उन्होंने स्पष्ट किया कि मेरा काम विकास कार्य स्वीकृत करना और कराना है और इन निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखरेख के लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं गांव के वरिष्ठजनों की भागीदारी भी जरूरी है। विधायक साव ने आगे कहा कि वर्तमान समय में गांव की शांति व्यवस्था के लिए असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम बड़ी चुनौती है। इसलिए अपने परिवार के सदस्यों, खासकर युवाओं को इससे दूर रहने प्रेरित करें। गांव के स्वस्थ्य वातावरण के लिए आध्यात्मिक आयोजनों को अपनाने की अपील की। शराब या अन्य नशा विरोध के लिए गठित महिला कमांडो का सम्मान व सहयोग करें ताकि गांव में अमन चैन और शांति बरकरार रहे,क्योंकि हर छोटी से बड़ी घटना की शुरुवात नशा से होती है। भूमि पूजन के पूर्व संबंधित गांव में पहुंचने पर विधायक साव का जोरदार स्वागत ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने किया।इस अवसर पर टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, मेकरी सरपंच रामदिलास पटेल, गणेशपुर सरपंच रेशू मसीह, झिरिया सरपंच प्रतिमा साहू, नवागांव सरपंच नीरा कोसले, बैकोनी सरपंच महेश मिरी, जनपद सदस्य चन्द्रप्रकाश टोण्डे, शिवलाल ध्रुव , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आनंद बंजारे, चंद्रशेखर साहू मंडल अध्यक्ष हीरा साहू, दिनेश साहू, पंचगण, स्व-सहायता समूह के सदस्य महिला कमांडो सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री टंक राम ने किया डिजिटल 'किसान किताब' जारी



**रायपुर 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में आज डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज निवास कार्यालय में डिजिटल किसान किताब का औपचारिक शुभारंभ किया. यह पहल राज्य के किसानों और भूमिधारकों को आधुनिक, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा.

डिजिटल किसान किताब अब पारंपरिक मैन्युअल किसान किताब का स्थान लेगी. इसके माध्यम से किसानों को अपनी भूमि संबंधी जानकारी कभी भी और कहीं से भी ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी. यह सुविधा भुंइया पोर्टल पर क्र-1 एवं P-II रिपोर्ट के साथ उपलब्ध रहेगी, जिसे किसान आसानी से देख और डाउनलोड कर सकेंगे.

डिजिटल प्रणाली में आवश्यक विवरण स्वतः अपडेट होते रहेंगे, जिससे जानकारी संशोधन के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त होगी. साथ ही, संबंधित पटवारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति उपलब्ध होने से दस्तावेजों की वैधता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी.

इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने कहा कि डिजिटल ऋण पुस्तिका केवल एक तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी, सशक्त और नागरिक-केन्द्रित बनाने की दिशा में ठोस कदम है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, जहाँ बड़ी संख्या में किसान अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं. अब ऋण पुस्तिका से संबंधित जानकारी ऑनलाइन और वास्तविक समय में उपलब्ध होने से किसानों को बैंक ऋण, फसल ऋण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत होगी.

मंत्री ने बताया कि डिजिटल प्रणाली से त्रुटियों में कमी आएगी, अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित होगी और प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक सरल एवं प्रभावी बनेगी. यह पहल डिजिटल छत्तीसगढ़ की अवधारणा को मजबूती प्रदान करेगी तथा शासन और नागरिकों के बीच विश्वास को और सुदृढ़ बनाएगी.

उन्होंने राजस्व विभाग, NIC तथा परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और तकनीकी टीम को बधाई देते हुए नागरिकों से अपील की कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिकतम उपयोग करें. डिजिटल किसान किताब और डिजिटल ऋण पुस्तिका का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में राजस्व सुधारों की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और राज्य को डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा.

इस अवसर पर उमेश कुमार पटेल और श्रीकांत वर्मा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ भू-अभिलेख नियमावली भाग 1 से 4 पुस्तक का भी विमोचन किया गया. इस अवसर पर संचालक भू अभिलेख विनीत नन्दनवार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

## पेट दर्द के मरीज से लाखों रुपए की वसूली का आरोप

**रायपुर 18 फरवरी।** रायपुर के नहर रोड भाठागांव स्थित एक हॉस्पिटल पर आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कराने आए मरीज के परिजनों से लाखों रुपये वसूले जाने का गंभीर आरोप लगा है। मरीज के परिवार का कहना है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उनसे इलाज के नाम पर करीब 25 लाख रुपये ले लिए गए। इतना ही नहीं, जब मीडिया मामले की जानकारी लेने अस्पताल पहुंची, तो सुरक्षा गार्डों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और बदतमीज़ी भी की गई।

मरीज राम चरण वर्मा के बेटे राजकुमार वर्मा ने बताया कि उनके पिता पेट दर्द की शिकायत लेकर खुद चलकर अस्पताल पहुंचे थे। इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत शुरू किया गया। इस योजना के अंतर्गत अब तक 2 लाख 71 हजार रुपये अस्पताल को मिल चुके हैं।

इसके बावजूद अस्पताल ने दवाइयों और इलाज के नाम पर करीब 15 लाख रुपये का बिल बना दिया, जिसमें से परिवार अब तक 10 लाख रुपये जमा कर चुका है। राजकुमार वर्मा का आरोप है कि जांच के नाम पर 3 लाख रुपये लिए गए ब्लड, ऑपरेशन और अन्य खर्चों के लिए 5 लाख रुपये से अधिक नकद लिया गया अब अस्पताल फिर से 5 लाख रुपये और दवाइयों के पैसे मांग रहा है परिजनों का कहना है कि अब तक कुल मिलाकर 25 लाख रुपये तक की मांग की जा रही है। मरीज के बेटे ने बताया कि उनके पिता का अब तक तीन बार ऑपरेशन किया गया। पहले ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने कहा कि अंदर लीकेज हो गया। फिर दूसरी साइड से दोबारा ऑपरेशन किया गया। सके बाद गले में ट्यूब डालने के लिए ऑपरेशन किया गया। दोनों ऑपरेशन की जगहों पर अब संक्रमण हो गया है। घाव खुले हैं और लगातार पस निकल रहा है।

## अब भवनों की होगी डिजिटल रैंकिंग

**रायपुर 18 फरवरी।** ट्राई की पहल पर भारत सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के साथ क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा भवनों की डिजिटल रैंकिंग पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार होगा जब भवनों की डिजिटल रैंकिंग भी होगी। इस तरह का पूरे देश में यह पहला सेमिनार छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार होगा जब भवनों की डिजिटल रैंकिंग भी होगी इससे सरकार की योजनाओं पर भी असर होगा। केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद भी इस रैंकिंग पर निर्भर रहेगी। इसे विस्तार से समझाने के लिए इस सेमिनार में ट्राई के वरिष्ठ अधिकारी दिल्ली से एवं उनके सलाहकार भोपाल से आये थे। मंगलवार को राज्य के आला अफसरों के साथ छत्तीसगढ़ क्रेडाई के बिल्डर एकजुट हुए। होटल सैयाजी में आयोजित स्टेट कॉन्फ्रेंस में नए नियमों के साथ ही आवास नीतियों पर खुलकर चर्चा हुई। कई महीनों के बाद ऐसा हुआ जब बिल्डरों ने सरकार के जिम्मेदार अफसरों से सीधे सवाल कर जवाब मांगा। बड़े अफसरों के एक साथ एक मंच पर आने की वजह से क्रेडाई छत्तीसगढ़ ने शासन को सुझाव दिए। अफसरों ने कहा छत्तीसगढ़ में रिफॉर्म 2.0 पर काम हो रहा है। इससे रियल एस्टेट का कारोबार अपनी नई ऊंचाइयों को छुएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में आईटी विभाग के ज्वाइंट सेक्रेट्री आईएएस प्रभात मलिक ने बताया कि अभी तक छत्तीसगढ़ समेत देशभर में ऐसा होता आया है कि नए भवन, बिल्डिंग, अपार्टमेंट बन जाते हैं, लेकिन वहां नेटवर्क और आईटी की कई समस्याएं होती हैं। इसलिए केंद्र सरकार के उपक्रम ट्राई ने छत्तीसगढ़ समेत देशभर के सभी राज्यों से कहा है कि अब उनके प्रोजेक्ट की डिजिटल रैंकिंग भी होगी। इससे बिल्डरों के साथ ही सरकार को भी नंबर मिलेंगे। इसी रैंकिंग से सब्सिडी भी तय की जाएगी। जिस तरह से ग्रीन एनर्जी भवनों को बढ़ावा दिया जा रहा है उसी तरह डिजिटल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। अभी तक पूरे देश में इस तरह के नियम नहीं बने हैं कि आवासीय/कामर्शियल योजनाओं में बनाने की व्यवस्था एवं टावर लगाने के स्थान नियत किये जाएं। इस हेतु ट्राई सुझाव लेकर नियम बनाएगा। लेकिन अब से सभी योजनाओं में डिजिटल की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम करने ही होंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, छत्तीसगढ़ क्रेडाई अध्यक्ष पंकज लाहोटी, सचिव अभिषेक बच्छावत सहित विजय नाथानी, राकेश पांडे, संजय बघेल, मृणाल गोलेच्छा, संजय रहेजा, रवि फतनानी, टाउन प्लानिंग के संदीप बांगड़े, विनित नायर आदि मौजूद थे। इस प्रोग्राम को ऋत्विक नाथानी और सुमित बरडिया ने कंडक्ट किया।

टाउन एंड प्लानिंग विभाग के कमिश्नर आईएएस अवनीश कुमार शरण ने बताया कि बिल्डरों को राहत देने सिंगल विंडो प्रोजेक्ट शुरू कर दिया गया है। अभी तक किसी भी हाउसिंग या कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए नजूल, तहसील, नगर पालिका या नगर निगम, बिजली कंपनी और लोक निर्माण विभाग समेत कई और विभागों से दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करनी होती है। लेकिन अब ऐसा नहीं है। राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट अप्रूवल के लिए सिंगल विंडो खोल दिया है। टाउन प्लानिंग की वेबसाइट में इस सिंगल विंडो में आवेदन करने के साथ ही 100 दिन में प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जा रही है। इससे पहले कई महीने लग जाते थे। परेशानी भी बहुत होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। इससे प्रोजेक्ट समय पर शुरू होते हैं। लागत भी नहीं बढ़ती। इसका फायदा आम लोगों को भी हो रहा है।

एक नजर

### शोभायात्रा में तेज आवाज के चलते गाड़ी समेत डीजे जब्त

**रायपुर 18 फरवरी।** बिना अनुमति कानफोड़ू डीजे संचालन पर रायपुर शहर के गोलबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ी समेत डीजे जप्ती की कार्रवाई की गई है। बिना अनुमति के तेज साउंड में डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली जा रही थी। कोलाहल अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह वैधानिक कार्यवाही की गई है। वहीं रायपुर कमिश्नरेट ने डीजे वालों से अपील की है कि शहर के बच्चों की परीक्षा का समय है, थोड़ी संवेदनशीलता दिखाएं। नियमों का पालन करें। और सख्त चेतावनी दी है कि बिना अनुमति डीजे संचालन, तेज़ आवाज़ कर शांति भंग करना और डेसिबल लिमिट का पालन नही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### रायपुर के दिनेश अकुला बने जियोस्टार स्पोर्ट्स के साऊथ हेड

**रायपुर 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की माटी के लाल और प्रखर पत्रकार दिनेश अकुला ने मीडिया जगत के शिखर पर पहुंचकर रायपुर का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। दिनेश अकुला को जियोस्टार में दक्षिण भारतीय भाषाओं के प्रमुख के रूप में एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे टी -20 वर्ल्ड कप के प्रसारण को हेड करने के साथ-साथ स्टार स्पोर्ट्स के 8 चैनलों के कंटेंट और भाषा प्रमुख और जियोहॉटस्टार में दक्षिण भाषाओं के खेल का कार्यभार संभालेंगे। जियोस्टार के साथ उनकी यह नई पारी न केवल उनके करियर का एक और सुनहरा अध्याय है, बल्कि रायपुर जैसे छोटे शहर से निकलकर वैश्विक मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नेतृत्व करने की प्रेरणा भी है। उनकी इस उपलब्धि पर रायपुर के पत्रकारिता जगत और उनके मित्रों में हर्ष की लहर है।



### पेसा कानून पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**रायपुर 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पेसा कानून से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि वे न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि 16 फरवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पेसा कानून के तहत आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के कांकेर में ग्राम सभाओं द्वारा बाहरी लोगों/धर्मांतरण प्रचारकों के प्रवेश पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज कर दी, जिससे पारंपरिक स्वशासन और सांस्कृतिक संरक्षण के आदिवासी अधिकार मजबूत हुए हैं।

### निःशुल्क होम्यो व अस्थि रोग चिकित्सा शिविर 21 को

**रायपुर, 18 फरवरी।** नहरपारा विकास समिति के तत्वावधान में स्व. मुल्कराज आहूजा व स्व. इंदर सिंग चावला की स्मृति में 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लायन्स क्लब गुरूनानक चौक में निशुल्क होम्योपैथिक व हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन पार्षद अवतार सिंग बागल करेंगे। डॉ. अंजू सूद (होम्यो) व डॉ. निरन्दर सिंग चावला (अस्थी) अपनी सेवा देंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने दी है।

## आरटीओ एजेंट को डिजिटल अरेस्ट कर लगाया 17.15 लाख का चूना

**रायपुर 18 फरवरी।** राजधानी रायपुर में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर 'डिजिटल अरेस्ट' का झांसा देकर बड़ी ठगी को अंजाम दिया है. आरोपियों ने खुद को मुंबई एटीएस का अधिकारी बताकर टिकरापारा निवासी एक RTO एजेंट और उसके पूरे परिवार को 24 घंटे तक वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट में रखा और 17 लाख 15 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार, आरटीओ एजेंट शरद कुमार तिवारी को अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई एटीएस का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार और बैंक खाते का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराध में हुआ है. गिरफ्तारी से बचने और जांच में सहयोग करने के नाम पर उन्हें वीडियो कॉल पर रहने के निर्देश दिए गए.

आरोपियों ने पीड़ित को डराते हुए कहा कि यदि उन्होंने सहयोग नहीं किया तो उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इसके बाद उन्हें और उनके परिवार को 24 घंटे तक डिजिटल निगरानी में रखा गया. इस दौरान बैंक खातों की जानकारी लेकर अलग-अलग किस्तों में कुल 17 लाख 15 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए गए.

### शिकायत के बाद मामला दर्ज

जब ठगी का अहसास हुआ तो शरद कुमार तिवारी ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है. बैंक खातों और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

### पुलिस की अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल पर खुद को पुलिस, सीबीआई, एटीएस या किसी केंद्रीय एजेंसी का अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें. किसी भी जांच एजेंसी द्वारा फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं किया जाता और न ही बैंक खातों की जानकारी मांगी जाती है. किसी भी संदिग्ध कॉल की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में दें.

### परिवार को भी रखा दबाव में

साइबर ठगों ने परिवार के सदस्यों को भी वीडियो कॉल पर शामिल कर मानसिक दबाव बनाया. किसी को फोन न करने और घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई. लगातार निगरानी और धमकी के चलते परिवार पूरी तरह सहम गया और आरोपियों के निर्देशों का पालन करता रहा.

## केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने की 11 जिलों की संशोधित गाइड लाइन दरें अनुमोदित

**रायपुर 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करते हुए केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 11 जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप राजनांदगांव, बस्तर, कबीरधाम, जशपुर, मुंगेली, कांकेर, कोण्डागांव, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।

केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें उपरोक्त सभी 11 जिलों में दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। इससे भूमि एवं संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, वास्तविक बाजार मूल्यों के अनुरूप मूल्यांकन तथा नागरिकों को सुविधा सुनिश्चित होगी।

आम नागरिक एवं संबंधित हितधारक नवीन गाइडलाइन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अन्य जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरें भी जिला मूल्यांकन समितियों से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात शीघ्र जारी की जाएंगी।

## जितेन्द्र साहू की स्काउट गाइड के राज्य सचिव पद से हुई छुट्टी

रायपुर 18 फरवरी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव पद से जितेन्द्र कुमार साहू की छुट्टी कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए साहू को मूल पद पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया। राज्य सचिव का पद संभालते ही विवाद में आने वाले जितेन्द्र कुमार साहू की प्राचार्य पद पर वापसी की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 26 सितम्बर, 2025 को जितेन्द्र कुमार साहू की प्रतिनियुक्ति भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव पद पर की गई थी। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी की तैयारी को लेकर जितेन्द्र साहू चर्चा में आए थे। जम्बूरी के टेंडर सहित अन्य विवाद के पीछे जितेन्द्र कुमार साहू का हाथ बताया गया था। मीडिया में जम्बूरी का टेंडर विवाद खड़ा करने में साहू की भूमिका थी। राज्य सचिव साहू द्वारा शिक्षा मंत्री तक को गुमराह किया गया था। राज्य मुख्य आयुक्त को भी गुमराह करने और किनारे लगाने का प्रयास किया गया। अपनी मनमानी कार्यशैली को लेकर साहू राज्य एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के उच्च पदाधिकारियों के निशाने पर आ गए थे। जम्बूरी की तैयारी के दौरान उनके कुप्रबंधन, अकड़ वाले व्यवहार के कारण लीडर्स भी खासे नाराज रहे। बालोद कलेक्टर ने भी जितेन्द्र साहू को काफी फटकार लगाई थी। शिक्षा मंत्री तो जितेन्द्र साहू की कार्यशैली को लेकर खासे नाराज थे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के उच्च पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री से जितेन्द्र साहू के मनमाने कार्य को लेकर शिकायत भी की थी। जम्बूरी के दौरान राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू की अक्षमता और लापरवाही भरे कार्य को देखते हुए उन्हें किनारे लगाते हुए पूर्व राज्य सचिव रहे युवराज देशमुख को व्यवस्था संबंधी कमान सौंपी गई थी। इसके बाद व्यवस्थाएं दुरुस्त हुई थी। जम्बूरी के खत्म होते ही जितेन्द्र कुमार साहू की उल्टी गिनती शुरू हो गई थी। जितेन्द्र कुमार साहू की प्रतिनियुक्ति भी गलत तरीके से नियमों के विपरित की गई थी। इसको लेकर संयुक्त अधिकारी कर्मचारी परिषद और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा सचिव को

PICTURE-स्टोरी




**रायपुर 18 फरवरी। पानी की लगातार हो रही किल्लत और नलकूप की कमी के चलते कचना के स्वास्तिक नगर के लोगों ने आज नगर निगम मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर पेयजल की समस्या दूर करने की मांग की।**

## नेशनल ट्रेड एक्सपो की तैयारियां तेज



**रायपुर 18 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि 20 से 24 फरवरी 2026 तक राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियों ने अब जमीनी स्तर पर तेजी पकड़ ली है। एक्सपो के अंतर्गत मेला स्थल पर डोम एवं टेंट निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ हो चुका है। इस अवसर पर तैयारियों का जायजा लेने हेतु Confederation of All India Traders (CAIT) की टीम आज मेला स्थल पहुँची और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ब्प्ज् के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी सहित कैट एवं युवा कैट के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने डोम, ओपन स्टॉल्स, ऑटोमोबाइल जोन, फूड जोन, पिंक पवेलियन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री अमर पारवानी ने कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि देशभर के व्यापारियों के लिए अवसरों का महाकुंभ है। मेला स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ होना इस बात का संकेत है कि अब यह आयोजन पूरी गति से आगे बढ़ चुका है। ष्टढ्ढञ्ज यह सुनिश्चित करेगा कि एक्सपो अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप आयोजित हो।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन ने बताया कि चार भव्य डोम, आकर्षक टेंट संरचनाएँ और थीम आधारित पवेलियन्स एक्सपो की भव्यता को नई पहचान देंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपो के माध्यम से छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग को राष्ट्रीय मंच मिलेगा तथा वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त बल मिलेगा।

## संतोषी नगर में मुख्यमार्ग से हटाए गए 73 अवैध शेड

**रायपुर 18 फरवरी।** राजधानी रायपुर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तेज कर दी गई है। संतोषी नगर मुख्य मार्ग पर चलाए गए 'टीम प्रहरी' अभियान के तहत सड़क किनारे बने अवैध शेडों को हटाया गया और दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 73 दुकानों के सामने बने शेड जेसीबी से तोड़े गए। वहीं सड़क पर रखा सामान जब्त कर कब्जाधारियों पर कुल 12 हजार रुपये का ई-चालान काटा गया। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर की गई। नगर निगम और यातायात पुलिस की टीम ने जोन 6 और जोन 10 क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया और ठेले-गुमटियों को भी जब्त किया गया।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26